तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025



सिरगिट्टी स्थित अंडरब्रिज में शेड लगा दिया गया है। जिससे लोग सुविधाजनक ढंग से आना जाना कर रहे हैं।



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### नीरज होंगे बिलासपुर वन मंडल के नए डीएफओ

**बिलासपुर।** सोमवार की शाम वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है, जिसमें कई आईएफएस अधिकारियों के दायित्वों में फेरबदल किया गया है। इसके अनुसार बिलासपुर वन मंडल के वर्तमान वन मंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा को प्रतिनियुक्ति पर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम, नवा रायपुर, बिलासपुर वन मंडल में उप वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार को मुंगेली वन मंडल का वन मंडलाधिकारी, वर्ष 2021 बैच के मनेन्द्रगढ़ वनमंडल में उप वन मंडलाधिकारी नीरज को बिलासपुर वन मंडल का वन मंडलाधिकारी बनाया गया है।

### सहकारी बैंक ने दी कलेक्टर को विदाई

**बिलासपुर।** जिला सहकारी बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर एवं बैंक के प्राधिकृत अधिकारी अवनीश शरण को भावभीनी बिदाई दी गई। बैंक के सीईओ श्री सुनील सोढ़ी ने कलेक्टर शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आशीष दुबे, उप पंजीयक मंजू पांडेय, शशांक शेखर दुबे, आशीष दुबे, भागवत यादव, प्रकाश शर्मा, शरद शर्मा, राजकिशोरी इक्का, अश्वनी पांडेय, देवेंद्र शुक्ला, किशोर चंद्राकर, अभिषेक शर्मा, अनुभा मसीह, नेहा निकम, राजेश पाठक, सुशील चन्द्राकर आदि मौजूद थे।

### सिपेट पाठ्यक्रम में प्रवेश आवेदन 29 मई तक

**बिलासपुर।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी, जिला रायपुर में सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम में डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश के लिए 29 मई तक आवेदन आमंत्रित हैं। सिपेट संस्थान भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2015 में स्थापित किया गया था। सिपेट में विभिन्न पाठ्यक्रमों को संचालित किया जाता है। प्लास्टिक उद्योगों के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के शत-प्रतिशत अवसर प्रदान किया जाता है।

### संविदा पद के लिए काउंसलिंग 1 मई को

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर के संविदा पद के अंतिम चयनित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग पदस्थापना स्थल चयन प्रक्रिया किया जाना है। इसके लिए इस पद पर चयनित अभ्यर्थियों को 1 मई को सुबह 11 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होना है।

### द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 मई से

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी संबद्ध कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के लिए कभी राहत तो कभी उलझाने वाले सर्कुलर जारी करने से पीछे नहीं रह रहा है। अब ऐसे आदेश से परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों में वास्तविक तिथि को लेकर कन्फ्यूजन पैदा होता है। इससे उनकी परीक्षा की तैयारी भी प्रभावित होती है। दरअसल नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा हो चुकी है।

# निगम में वित्तीय संकट, शासन ने दो साल से नहीं दिया 18 करोड़ का मुद्रांक शुल्क, 7 करोड़ संधारण मद का भी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

- बिजली बिल, वाहनों का ईंधन, मेंटेनेंस पर खर्च होती है यह राशि
- अधिक राजस्व वसूली ने संभाली हालत, शासन को पत्र लिखा गया

करीब 100 करोड़ रुपए की टैक्स और राजस्व वसूली ने इस साल निगम की हालत संभाल रखी है नहीं तो निगम में बिजली बिल, वाहनों का ईंधन, मेंटेनेंस आदि के लिए भी राशि की कमी हो जाती। दरअसल स्थिति यह है कि निगम की ओर से राज्य शासन से मुद्रांक और संधारण शुल्क के लिए बार बार मांग करनी पड़ रही है। पिछले दो सालों से निगम को करीब 18 करोड़ रुपए का मुद्रांक शुल्क नहीं मिला है। इसके साथ ही 7 करोड़ रुपए के संधारण मद की राशि भी नहीं मिली है। इससे परेशानी हो रही है। खास तौर पर प्लेसमेंट कर्मचारियों को वेतन भुगतान देरी से हो रहा है। कुछ दिन पहले इन स्टाफ ने निगम आयुक्त से भी मुलाकात की थी।

गौरतलब है कि नगर निगम को राज्य शासन से रजिस्ट्री का मुद्रांक शुल्क मिलता है। इस फंड का उपयोग निगम कर्मचारियों को वेतन देने में आम तौर पर किया जाता है। इसमें फिलहाल परेशानी हो रही है। संपत्तिकर और अन्य वसूली मिलाकर भी निगम को अपने कर्मचारियों को वेतन देने में परेशानी होती है। इसके चलते उसे शासन से मिलने वाले फंड पर निर्भर रहना पड़ता है। इस बार नए वित्तीय वर्ष में शासन से निगम को फंड प्राप्त नहीं हुआ है। इसके चलते आगे वेतन देने में दिक्कत हो रही है। आमतौर पर इन दोनों मद की राशि हर साल मई या जून माह तक आ जाती है, लेकिन इस बार पूरा साल बीत गया है। इसमें मुख्य रूप से जमीन की रजिस्ट्री में निगम को मिलने वाला एक प्रतिशत मुद्रांक शुल्क और संधारण मद की राशि शामिल है। निगम को दोनों मद से करीब 50 करोड़ मिलने हैं।

### हर महीने 5 करोड़ का स्थापना व्यय

ध्यान रहे कि नगर निगम के 1100 अधिकारी, कर्मचारियों का वेतन सवा दो करोड़ रुपए प्रति माह है। इतना ही रुपया बिजली बिल, वाहनों का ईंधन, मेंटेनेंस आदि पर खर्च होता है। इस तरह 5 करोड़ रुपए के भारी भरकम स्थापना व्यय की तुलना में निगम को संपत्ति, सफाई, समेकित कर, बाजार व दुकान किराया आदि सहित शासन से प्राप्त होने वाले चुंगी क्षतिपूर्ति, बार लाइसेंस, मुद्रांक शुल्क आदि के अंशदान को मिलाकर 40 करोड़ के आसपास सालाना आय होती है। जबकि खर्च 60 करोड़ सालाना है।




### ठेका समाप्त, निगम कर रहा टैक्स वसूली

दूसरी ओर टैक्स वसूली में इस साल निगम ने पूरी ताकत झोंक दी। इसी कारण 100 करोड़ तक का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ। पिछले करीब 10 सालों में यह रिकार्ड ही रहा। निगम आयुक्त अमित कुमार की ओर से उन 173 बकायदारों को भी नोटिस जारी करते हुए टैक्स की राशि जमा कराई गई, जिन्होंने लम्बे समय से टैक्स नहीं दिया था और इनका बकाया साल दर साल बढ़ते जा रहा था। ज्ञात हो कि शासन ने ठेका कंपनी स्पायरोकेयर का अनुबंध समाप्त कर दिया है। इसके बाद निगम स्टाफ ही टैक्स वसूली कर रहा है। निगम की वसूली की बात की जाए तो इस साल 90 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का टारगेट रखा गया था।

### एक करोड़ 90 लाख रुपए मिलते हैं

दूसरी ओर निगम के पास जर्जर वाहनों की रिपेयरिंग, खत्म हो चुके इंश्योरेंस के नवीनीकरण यहां तक कि पेयजल के लिए मोटर पंप, पाइप लाइन आदि की खरीदी के लिए पैसे नहीं हैं। ऐसा संधारण मद के लिए हर साल मिलने वाले 7.60 करोड़ रुपए की दो किस्ते यानी 3.80 करोड़ रुपए 6 महीनों से नहीं मिलने के कारण हो रहा है। दरअसल बिलासपुर निगम को संधारण और मरम्मत व्यय के नाम पर हर तीन महीने में एक करोड़ 90 लाख रुपए की राशि मिलती है। दो साल बीत जाने के बाद भी इस राशि का आबंटन राज्य सरकार की ओर से नहीं किया जा सका है इसलिए परेशानी हो रही। गौरतलब है कि इस संधारण और मरम्मत व्यय से 4 लाख रुपए से कम के काम शहर में किए जाते हैं। इसमें सड़क मरम्मत से लेकर, पाइल लाइन लीकेज, गाड़ियों की मरम्मत और दूसरे काम शामिल हैं।

### बहुत जरूरी होने पर दूसरे मद से खर्च की जाती है राशि

संधारण मद के साथ ही मुद्रांक शुल्क की राशि की मांग शासन से की गई है। कहीं से काम प्रभावित होने की कोई शिकायत भी नहीं आई है। बहुत जरूरी होने पर दूसरे मद से राशि खर्च कर दी जाती है, जिसे बाद में समायोजित कर लिया जाता है।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

## अधिकारियों को सुननी होगी उपभोक्ताओं की शिकायत

# घंटों बिजली बंद, भड़के लोगों ने किया घेराव



**बिलासपुर।** वीवीआईपी क्षेत्र कहे जाने वाले नेहरू नगर जोन में बिजली व्यवस्था की हालत बेहद खराब है। अधिकारी सप्लाई सुधारने के बजाए मोबाइल फोन बंद कर घर पर बैठ जा रहे हैं। यही कारण है कि उपभोक्ताओं को 5 से 6 घंटे तक अंधेरे में गुजारना पड़ा और उन्होंने नेहरू नगर बिजली कार्यालय का घेराव कर दिया। इस मामले में चीफ इंजीनियर ने कहा कि उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अंधड़ की वजह से बिजली बंद होना आपदा है, लेकिन अधिकारियों को उपभोक्ताओं की शिकायत सुननी होगी।



बिजली अधिकारियों के द्वारा सुधार कार्य में गजब की लापरवाही बरती जा रही है। रविवार को अंधड़ की वजह से पूरे शहर में बिजली व्यवस्था ध्वस्त रही, लेकिन नेहरू नगर जोन के मंगला, नेहरू नगर, मुंगेलीनाका, कुदुदंड, ओमनगर, जरहाभाठा जैसे क्षेत्रों में रात 12 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। उपभोक्ताओं ने बिजली कार्यालय में जमकर नारे बाजी की और उपस्थित कर्मचारियों को खरीखोटी सुनाई। मामला गहमा-गहमी भरा होने के बाद उच्च अधिकारियों ने समझाईश दी। सबसे बड़ी बात यह है कि जोन के एई डीके साहू और जेई फैजान खान का फोन पूरे समय बंद रहा। फ्यूज कॉल सेंटर में फोन नहीं उठने के बाद उपभोक्ता जोन कार्यालय का घेरा करने पहुंच गए और अधिकारियों की लापरवाही पर जमकर हंगामा किया। ज्ञात हो कि साल 2023 में भी नेहरू नगर जोन के तत्कालीन एई कैलाश देवांगन द्वारा लाइन मेंटनेंस में लापरवाही बरतने और उपभोक्ताओं का कॉल रिसीव नहीं करने पर विभाग ने सस्पेंड कर ट्रांसफर कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद अधिकारी उसी ढर्रे में चल कर उपभोक्ताओं की बात नहीं सुनने का मन बना लिया है।

### ठेकेदारों ने खींच लिया है हाथ

बताया जा रहा है कि बिजली विभाग में मेंटनेंस का काम ठप है, जिसका कारण ठेकेदारों के द्वारा मेंटनेंस व निर्माण कार्य नहीं करना है। दरअसल कई ठेकेदारों का लाखों का बिल सालों से विभाग में लंबित है। ऐसे में स्कीम 28 व 31 में किए जाने वाले मरम्मत कार्य नहीं हो रहे हैं, जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। मेंटनेंस नहीं होने के कारण एक बार बिजली जाने के बाद बिजली विभाग के इक्का-दुक्का कर्मचारियों के भरोसे मेंटनेंस किया जाता है जिसमें देरी होती है। खास बात यह है कि विभाग के पास सामान खरीदने के लिए फंड तक नहीं है, ऐसे में केबल व तार टूटने में उधार की खरीदी की जाती है।

### दूसरे दिन भी बंद की स्थिति

रविवार के बाद सोमवार को भी बिजली बंद ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। दोपहर 2 बजे सिम्स के पास 33 केवी लाइन का तार टूटने के कारण बिजली बंद रही, इस दौरान 4 से 5 घंटे बिजली बंद होने के कारण लोगों का गर्मी और उमस में हाल बेहाल हो गया। गोल बाजार के जोन कार्यालय का फ्यूज कॉल दिन भर घनघनाते रहा, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं दी गई। शाम होते ही शहर के कई इलाकों में बिजली की सप्लाई आती व जाती रही।

### कार्रवाई की जाएगी

बिजली बंद के दौरान बिजली अधिकारी और कर्मचारियों को सतर्कता के साथ काम करना चाहिए। उपभोक्ताओं द्वारा बंद की शिकायत करने पर अधिकारियों को तत्काल राहत के लिए टीम भेजनी चाहिए। अगर अधिकारी जान बूझकर फोन नहीं उठा रहे है तो इसपर कार्रवाई की जाएगी।

**- एके अम्बस्ट,** चीफ इंजीनियर, विद्युत विभाग

फिंगर प्रिंट लेकर छोड़ा



# पश्चिम बंगाल के 60 संदिग्ध थाने तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिविल लाइन क्षेत्र में पश्चिम बंगाल के 60 संदिग्धों को पकड़कर पुलिस थाने ले जाया गया। रिकार्ड जांचने के बाद उनका फ्रिंगर प्रिंट लिया गया और आपराधिक गतिविधियों में शामिल न होने की चेतवानी देकर छोड़ा दिया गया। वहीं कुछ संदिग्धों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने पहले दिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों के 300 से अधिक बाहरी लोगों को तलब किया था।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों हुए आंतकी हमले के बाद जिला पुलिस अलर्ट हो गई है। सोमवार को एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बनाकर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तालापारा व भारतीयनगर में दबिश दी। इस दौरान टीम ने किराए के मकान में रहने वाले पश्चिम बंगाल के 60 लोगों को पकड़कर उनके घर व सामानों की तलाशी ली गई। उसके बाद सभी को थाने ले जाया गया। आईसीजेस पोर्टल से सभी लोगों का आपराधिक रिकार्ड खंगाला गया। उसके बाद फिंगर प्रिंट, आधार कार्ड व मोबाइल नम्बर लेकर रजिस्टर में मुसाफिरी दर्ज की गई।

ज्ञात हो कि एक दिन पहले पुलिस के द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों के 300 से अधिक बाहरी प्रदेश के लोगों को जांच के लिए तलब किया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।




# बीते दस सालों का रिकार्ड, अप्रैल में होती ही है बारिश

- शहर में अप्रैल में बारिश बनी परंपरा
- अब तक हो चुकी 8.9 मिमी बारिश

अप्रैल के महीने में बिलासपुर शहर में बारिश का होना औसतन बीते दस सालों की परंपरा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बीते दस वर्षों का आंकड़ा देखें तो इस महीने में बारिश का होना कोई आश्चर्य का विषय नहीं है, चाहे जितनी भी हो, लेकिन बारिश होती जरूर है।

शहर में रविवार रात से सुहाना हुआ मौसम सोमवार को भी पूरे दिन बेहद अच्छा रहा। लगभग पूरे दिन बदली छाई रही और ठंडी हवाओं से वातावरण में ठंडक बरकरार रही। कुछ दिनों पूर्व तक शरीर को जला देने वाली गर्मी से एक ओर जहां लोग भारी परेशान रहे, वहीं अब दो दिनों से लोगों को इससे राहत मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार शहर में अप्रैल की बारिश औसतन एक परंपरा जैसी ही रही है। लगभग प्रत्येक वर्ष अप्रैल महीने में बारिश हो ही जाती है। विभाग ने मंगलवार को भी प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जाहिर की है। इसी तरह कहीं-कहीं 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा चलने व गरज-चमक की संभावित चेतावनी भी जारी की है।

### दस वर्षों में कब कितनी बारिश

| वर्ष | बारिश |
|---|---|
| 2015 | 63.3 मिमी |
| 2016 | 20.3 मिमी |
| 2018 | 16.4 मिमी |
| 2019 | 2.2 मिमी |
| 2020 | 9. 2 मिमी |
| 2022 | 5. 8 मिमी |
| 2023 | 47.8 मिमी |
| 2024 | 15.5 मिमी |
| 2025 | 8.9 मिमी |

### छह दिनों में आठ डिग्री लुढ़का अधिकतम तापमान

शहर में एक समय लगातार बढ़ रहे अधिकतम तापमान में अब थोड़ी कमी आई है। सोमवार को शहर में अधिकतम तापमान 35 2 डिग्री सेंटीग्रेड रिकार्ड किया गया, जबकि 23 अप्रैल को यह 43 8 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच चुका था। केवल छह दिनों के भीतर ही इसमें 8 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग ने इसे सिस्टम का प्रभाव बताया है। इसमें दो से तीन दिनों बाद पुनः बढ़ोतरी होने की संभावना जाहिर की गई है।

### दस सालों में औसतन 3 डिग्री बढ़ गया अधिकतम तापमान

शहर में अप्रैल के महीने में बीते तीस वर्षों में औसतन 40 2 डिग्री अधिकतम तापमान होता था। इसके विपरीत बीते दस वर्षों में इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 2015 से अब तक अधिकतम तापमान में औसतन तीन डिग्री की बढ़ोतरी हो गई है। ऐसी स्थिति में अप्रैल के महीने में शहर का अधिकतम तापमान अब 42 से 45 डिग्री तक होता ही है, जिससे दस सालों का औसत तीन डिग्री बढ़कर 43 डिग्री तक पहुंच चुका है।

# सुशासन तिहार के आवेदनों को जल्द से जल्द निबटाएं- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की पहुंच हर वर्ग के लोगों तक हो, इसके लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ज्वाइंनिग के पहले दिन ही अधिकारियों को चेताया है। सोमवार की सुबह 10.30 बजे कार्यालय पहुंचे कलेक्टर ने अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात से पहले टीएल की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आए आवेदनों को प्राथमिकता से निबटाया जाना चाहिए। 2 लाख आवेदनों में से 80 हजार से ज्यादा आवेदनों का निराकरण किया गया है। सुशासन समाधान शिविर में 5 से 31 मई तक निराकरण की जानी है, ऐसे में आवश्यक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने विभागों के अनुसार प्रकरण को जल्द से जल्द निबटाने की सलाह दी और अन्य विभागों से जुड़ें अर्जियों को तत्काल स्थानांतरित करने को कहा है। शिकायतों के अंबार देखते हुए समाधान के लिए विभागों को टाइम लिमिट तय कर दी है। वहीं, अधिकारियों को चेताया है कि स्वयं ही आवेदनों को पढ़े और सार्थक समाधान ढूंढें और गुणवत्ता पूर्ण निदान से समझौता नहीं किया जाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रार्थियों की शिकायत संचालित योजनाओं के नियमों पर आधारित हो तो बिना देरी के स्वीकृति दी जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं का फायदा पहुंचे।




सुबह 10.30 बजे पहुंचे कलेक्टर, भेंट मुलाकात से पहले ली टीएल बैठक

### जनदर्शन में सुनी लोगों की फरियाद

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जनदर्शन में लोगों की फरियाद सूनी। इस दौरान मोहम्मद रशीद कुरैशी ने विद्युत पोल हटाने का आवेदन दिया, कलेक्टर ने आवेदन की कॉपी लेकर तत्काल बिजली विभाग को भेजने के लिए कहा। इसी प्रकार तखतपुर ब्लॉक के ग्राम घोरामार के सरपंच ने जल जीवन मिशन में पानी टंकी एवं बिछाए गए पाइप लाइन की जांच करने का आवेदन कलेक्टर को सौंपा है, राजकिशोर निवासी श्रीमती ऊषा बाई कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने की मांग की।



### गिरते भू जल स्तर पर जताई चिंता

कलेक्टर ने पौधारोपण अभियान की समीक्षा की। वन मंडल अधिकारी ने बताया कि बरसात में ढाई लाख पौधे लगाने की कार्य योजना बनाई गई है। उन्होंने गिरते भू जल स्तर को लेकर चिंता जाहिर की और लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने भीषण गर्मी में पानी की समस्या के बारे में भी जानकारी ली। पीएचई विभाग के अधिकारी ने बताया कि बिल्हा और तखतपुर में जल की समस्या ज्यादा है। कलेक्टर ने नलकूप खनन के लिए जारी प्रतिबंध का शत प्रतिशत पालन करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने तुम्हर द्वार, साय सरकार अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास के सर्वे पर जोर दिया।

### हर रोज एसडीएम करेंगे मॉनिटरिंग

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों को जल्द भरने का आदेश दिया है। साथ ही कार्यकर्ता सहायिका के पदों में भर्ती के लिए प्रतिबंध नहीं होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने एसडीएम को सुशासन तिहार के आवेदनों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। जिला अस्पताल के सेवाओं की भी उन्होंने समीक्षा की। सिविल सर्जन ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 500 ओपीडी मरीजों का इलाज किया जाता है। उन्होंने अगले कुछ महीनो में शुरू होने वाले सेवाओं जैसे नेफ्रोलॉजी,बर्न यूनिट,आइसोलेशन वार्ड और क्रिटिकल केयर और सीटी स्कैन की सेवाओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा की 108 और 102 वहां गरीब वर्ग की जरूरतमंद मरीजों की सेवा के लिए है। उन्होंने सीएमएचओ को इस पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### सुबह 10.45 बजे लिया चार्ज

जिले के नए कलेक्टर संजय अग्रवाल सोमवार की सुबह 10.30 बजे कार्यालय पहुंचे और 10.45 मिनट पर जिले का चार्ज लिया। कलेक्टर अवनीश शरण ने उन्हें कार्यभार सौंपा। इसके पहले वे राजनांदगांव में कलेक्टर रहे हैं। औपचारिक स्वागत के बाद कलेक्टर सीधे मंथन सभाकक्ष पहुंचे और टीएल बैठक लेकर समीक्षा की।

### लोगों को लाभ मिले, इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी

अलग अलग विभागों की समीक्षा की गई है, शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक सतत तरीके से मिले, इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। राजस्व अधिकारियों से मामले की जानकारी ली जाएगी। अधिकारियों को लोगों की शिकायत को गंभीरता से लेने के लिए कहा गया है, सुशासन तिहार के आवेदनों को जल्द से जल्द निबटाने के निर्देश दिए गए हैं।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

## खबर संक्षेप

### सीएमडी कालेज के चेयरमैन ने नए कलेक्टर से की सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** बिलासपुर के नवनियुक्त कलेक्टर संजय अग्रवाल से शासी निकाय सीएमडी कालेज के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे और रोटरी क्लब बिलासपुर के पूर्व जिला गवर्नर एसपी चतुर्वेदी ने सौजन्य भेंट की।

### अग्रसेन भवन समिति के मंगतराय बने पुनः अध्यक्ष



**बिलासपुर।** श्री अग्रसेन भवन समिति बिलासपुर का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से मंगतराय अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष चयनित किया गया। राजेंद्र खेड़िया उपाध्यक्ष, दीपक मोदी सचिव, अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। श्री अग्रसेन भवन जूनी लाइन में अग्रसेन भवन समिति बिलासपुर की आमसभा आयोजित की गई। जिसमें अग्रसेन भवन की समीक्षा एवं उसके रख-रखाव पर खर्चे को लेकर चर्चा हुई। वर्ष 2024-25 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सदस्यों ने अवलोकन किया, जिसे सर्व सम्मति से पारित किया एवं आडिट के लिए भेजने का प्रस्ताव हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने पुनः अध्यक्ष पद पर निर्वाचित करने सभा का धन्यवाद किया। सभा ने मंगतराय अग्रवाल को कार्यकारिणी गठन करने का अधिकार दिया। इनका यह कार्यकाल 2025 से 2028 तक रहेगा।

### निलेश बने कसौंधन वैश्य समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री



**बिलासपुर।** बागेश्वर कसौंधन वैश्य समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन व राष्ट्रीय कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह इंदौर में आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के उपमुख्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला, विशेष अतिथि पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय व अधिवेशन की शपथ ग्रहण अधिकारी बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेंद्र गुप्ता थे। शपथ ग्रहण अधिकारी विरेंद्र गुप्ता ने पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय महासचिव शिव कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष द्वारिका गुप्ता बनाए गए। अधिवेशन में निलेश कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बनाया गया। अधिवेशन में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता ,उत्तरप्रदेश अध्यक्ष केपी गुप्ता आदि मौजूद थे। इससे पहले भी कई पदों पर कार्य कर चुके हैं। जिसका सभी ने सराहना की।

### विद्यार्थियों के लिए नवीन व्यावसायिक शिक्षा इंटर्नशिप पर कार्यशाला



**बिलासपुर ।** शाउमावि सिरगिट्टी में नवीन व्यवसायिक शिक्षा (बैंकिंग वित्तीय सेवा एवं बीमा) पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्यनरत 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को 80 घंटे का इंटर्नशिप कार्यशाला छग राज्य ग्रामीण बैंक में हुआ। इसमें शाखा प्रबंधक मनीष खत्री ने बैंकिंग की बारीकियों जैसे निकासी फार्म भरना, चेक, खाता खोलने का फॉर्म और लेनदेन में सुरक्षा के दिशा निर्देश से अवगत कराया साथ ही बैंकिंग की जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा की यह योजना भारत सरकार के उपक्रम एनएसडीसी के दिशा निर्देश पर आधारित है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियो को प्रशिक्षण उपरांत इंटर्नशिप का प्रमाण पत्र एवं प्रति छात्र 1125–1125 रुपए सभी के खातों में शासन द्धारा दिया गया।

**प्रमुख मार्गों में अवैध अतिक्रमण करने वालों पर की जा रही कार्रवाई**

# ब्लैक स्पॉट की पहचान करने सेंदरी कोटा मोड़ पहुंची सुरक्षा टीम

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।



वाहन चालकों से यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने अपील की जा रही है। फिर भी वाहन चालन के दौरान नियमों को तोड़ा जा रहा है। श्री सिंह ने सभी मार्गों में सड़क दुर्घटनाएं होने वाले पॉइंट्स का ग्राउंड लेवल पर निरीक्षण कर एक्सीडेंट के वास्तविक कारण एवं उसके प्रभाव का आंकलन करते हुए समाधान एवं सुधारात्मक उपाय बताने जॉइंट टीम बनाई है। जिस टीम में यातायात, पुलिस, नेशनल हाईवे, एन एच आई, ग्रामीण सड़क, पी डब्लू डी, फॉरेस्ट विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग आदि सहित अन्य विभागों को भी सम्मिलित किया गया है।

### जिले में 6 ब्लैक स्पॉट हैं

एसएसपी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 6 ब्लैक स्पॉट हैं जिसमें जांजगीर रोड मस्तूरी ब्लाक में मस्तूरी तिराहा, भदौरा मोड, कोरबा रोड में सेंदरी चौक तथा जाली मोड, बिलासपुर बलौदा कोरबा मार्ग में पंथी एवं जांजी मोड ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित हैं। जहां पिछले तीन वर्षों में पांच से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुई। जन हानि हुई है। उक्त सभी ब्लैक स्पॉट में जाकर पूरे संयुक्त टीम के माध्यम से गांव वालों एवं आसपास की जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ सूक्ष्म एवं बारीकी से अवलोकन की जा रही है। क्षेत्र के यातायात मितान को नियमित रूप से ब्लैक स्पॉट पर निगरानी रखने, सुधार कर सूचना प्रेषित करने कहा गया।

**जिलों के पुलिस अधीक्षकों की ली बैठक**

# निगरानीशुदा गुंडे- बदमाश व संदिग्धों पर त्वरित कार्रवाई होगी: आईजी

**बिलासपुर।** आईजी डा. संजीव शुक्ला ने 28 अप्रैल को बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक- पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक ली। जिसमें जिले में लंबित अपराध, महिलाओं और बच्चों से संबधित अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, मर्ग, शिकायत, विभागीय जांच एवं लघु अधिनियम व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई अंतर्गत की गई।



कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं सहित जिले के कई महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। आईजी श्री शुक्ला ने गंभीर किस्म के प्रकरणों में सतत विवेचना करते हुए यथाशीघ्र विधिसम्मत निराकरण करने कहा। प्रकरण लंबी अवधि तक विवेचना में लंबित न रहे। थानों में तैयार चालान अनावश्यक लंबित न रहे इसके लिए पुलिस अधीक्षकों को लंबित चालान की समीक्षा करने के निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित विधिसम्मत कार्रवाई करने कहा। मादक पदार्थों और सूखे नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ उनकी बरामदगी के स्तर पर भी सुधार करने निर्देशित किया।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, एसपी मुंगेली भोजराम पटेल, एसपी रायगढ़ दिव्यांग पटेल, एसपी कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, एसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंजनेय वार्ष्णेय, एसपी सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा तथा जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा बिलासपुर दीपमाला कश्यप और रेंज कार्यालय में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह मौजूद थीं।

**मंगला, लोखंडी, तुर्काडीह, निरतू, कछार, सेंदरी के साथ ही कई घाटों से खनन जारी**

# अवैध रेत भंडारण, परिवहन के 7723 केस, 7555 मामलों में हुआ समझौता

**बिलासपुर।** खनिज माफियाओं पर जिला प्रशासन, पुलिस और खनिज विभाग नकेल कसने में नाकाम साबित हो रहा है। यही कारण है कि जिले के साथ ही प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में माफिया राज हावी है।

पिछले साल भर में अलग-अलग इलाकों से प्रदेश में अवैध खनिज भंडारण, अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन के 7 हजार 723 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 7 हजार 555 मामला समझौता करके छोड़ दिया गया। हालांकि समझौते के एवज में माफियाओं से 23 करोड़ 76 लाख 81,139 रुपए की राशि वसूल की गई, लेकिन इनके ऊपर किसी भी प्रकार की कड़ी कार्रवाई नहीं की गई। मंगला, लोखंडी, तुर्काडीह, निरतु, कछार, सेंदरी के साथ ही कई घाटों से खनन जारी है। नदी के किनारे बसे कई गांवों में अवैध भंडारण कर मनमानी कीमत पर रेत की बिक्री भी हो रही है। 1700-1800 रुपए ट्रैक्टर में रेत बिक रही है,



सालभर में माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई कम

लेकिन खनिज अधिकारियों को जैसे इन सबसे मतलब ही नहीं है। खनिज माफिया धड़ल्ले से अवैध उत्खनन में सक्रिय हैं। उन्हें किसी प्रकार का कोई भय नहीं है। अकेले बिलासपुर जिले की बात करें तो 90 प्रतिशत मामलों में यहां भी सिर्फ समझौता ही किया जा रहा है। अफसर एक-दो हाईवा जब्त करने का दिखावा करते हैं। खनिज विभाग के अफसर तर्क देते हैं कि समझौता राशि लेकर अवैध खनन तथा वाहनों को छोड़ने का प्रावधान है।

### हाईकोर्ट ने भी की है सख्त टिप्पणी

ज्ञात हो कि अवैध रेत खुदाई को लेकर हाईकोर्ट ने भी सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि इतने प्रकरण आ रहे हैं तो सिर्फ जुर्माना लगाकर क्यों छोड़ा जा रहा है। जुर्माना लगाने भर से समस्या दूर नहीं होगी। ऐसा करने वाले बड़े लोग हैं, जुर्माना भर देते हैं, उससे 100 गुना कमाते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा है कि माइनिंग एक्ट के अनुसार पैनल एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि कितनी बार जुर्माना लगाकर छोड़ सकते हैं। बार-बार अपराध करने पर गंभीर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? कोर्ट में टिप्पणी करते हुए कहा है कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई बार-बार अवैध माइनिंग करता रहे और उसे जुर्माना लगाकर छोड़ दिया जाए।

### बंद रेत घाटों से भी अवैध उत्खनन

रेत उत्खनन से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव भी नदियों के आसपास देखें जा सकते हैं। घुटकू रेत घाट को बंद कराने में प्रशासन और खनिज विभाग के अधिकारी बेबस नजर आ रहे हैं। खनिज विभाग के अधिकारियों की मनमानी और सरकारी मशीनरी की मिलीभगत से खनिज संपदा का दोहन लगातार किया जा रहा है। नतीजा जिन घाटों पर अवैध उत्खनन बंद था, वहां माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं। जो घाट स्वीकृत नहीं है, वहां अवैध उत्खनन कर रेत का परिवहन कर नदी में रैंप बनाया गया है। मंगला घाट जो कि स्वीकृत है वहां से होते हुए ट्रैक्टर वाले उससे लगे लोखंडी और तुर्काडीह रेत घाट, मंगला से लेकर तुर्काडीह पुल के पास तक रेत माफिया सक्रिय हैं।

# कांग्रेस की स्वस्थ न्याय यात्रा और संविधान बचाओ सभा 2 मई को



**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता आगामी 2 मई को स्वस्थ न्याय यात्रा निकालेंगे, साथ ही संविधान बचाओ सभा का आयोजन भी करेंगे। सोमवार को इसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गई। कांग्रेस द्वारा इस संबंध में आयोजित बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि 2 मई को पूर्व में अपोलो हॉस्पिटल से नेहरू चौक तक "स्वस्थ न्याय यात्रा " और नेहरू चौक में आमसभा का कार्यक्रम था, किन्तु कार्यक्रम का विस्तार करते हुए नेहरू चौक में अब संविधान बचाओ सभा होगी ,जो प्रदेश स्तरीय होगी। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के कांग्रेस नेता सहित प्रदेश के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। श्री केशरवानी ने कहा कि आज तखतपुर, बिल्हा, बेलतरा, मस्तूरी,कोटा, रतनपुर,तिफरा,सिरगिट्टी, सीपत,सकरी,बेलगहना के ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक समन्वयक, ज़िला के पदाधिकारियों के बीच काम का बंटवारा किया गया, सभी पदाधिकारी अपने अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में शीघ्र बैठक लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ सभा की शुरुआत दुर्ग से होनी थी, किंतु कश्मीर में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मृत्यु हो जाने के कारण प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संविधान बचाओ यात्रा को स्थगित कर दी। अब प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत 2 मई की शाम 4.00 बजे नेहरू चौक में "संविधान सभा " का आयोजन होगा, जिसमे प्रदेश प्रभारी ,शीर्ष नेतृत्व सहित सभी बड़े पदाधिकारी शामिल होंगे। आज की बैठक में ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी शहर अध्यक्ष विजय पांडे . विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक , पूर्व सभापति शेख़ नज़रूदीन आदि उपस्थित थे।

# 2047 विकसित भारत में पुस्तकालय की भूमिका प्रासंगिक: डा. कमलेश

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान बीलिब आई एससी की छात्राओं ने एम लिब आई एससी की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह का थीम था विकसित भारत 2047 में पुस्तकालय की भूमिका। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश एवं अध्यक्षता बीआर चौधरी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कमलेश ने कहा कि 2047 विकसित भारत में पुस्तकालय की भूमिका अत्यंत प्रासंगिक और भविष्य–दृष्टा सोच का परिचायक है। प्राचीन समय से पुस्तकालय ज्ञान के भंडार और समाज के बौद्धिक विकास का केंद्र रहा है। जैसा कि हम जानते हैं, भारत ने 75 साल की यात्रा पूरी कर ली है और 2047 में हम विकसित भारत के स्वप्न को साकार करना चाहते हैं। इस विकास यात्रा में पुस्तकालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। विकसित भारत 2047 का सपना जिसमें भारत केवल आर्थिक और तकनीकी रूप से नहीं, बल्कि ज्ञान, नवाचार और संस्कृति के क्षेत्र में भी विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनेगा। इसे साकार करने में पुस्तकालयों की भूमिका आधार स्तंभ के रूप में होगी। 2047 का हमारा विजन विकसित, आत्मनिर्भर और ज्ञान



आधारित राष्ट्र होगा, फिर दुनिया से लोग शिक्षा और रोजगार के लिए भारत आएंगे। बीआर चौधरी ने कहा कि 2047 का भारत तभी विकसित होगा जब गांव से लेकर महानगर तक, हर क्षेत्र पर ज्ञान और सूचना तक समान पहुंच होगी। इसके लिए हमें पुस्तकालयों को अत्याधुनिक तकनीक से युक्त, डिजिटल और सभी के लिए सुलभ बनाना होगा। छात्राओं ने विकसित भारत और पुस्तकालय थीम पर भाषण प्रतियोगिता, कविता एवं गेम के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। छात्राओं ने हिन्दी फिल्म की विदाई से संबंधित गीत गाए एवं रैंप पर वाक का आयोजन हुआ। कम से कम समय में अधिक गुब्बारे फुलाना, पेपर डांस, नृत्य प्रस्तुत किए।

# दशमेश एक्जोटिका का हुआ भव्य शुभारंभ

**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र के धन मंडी चौक में स्थित दशमेश एक्जोटिका आवासीय परियोजना का भव्य शुभारंभ 27 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर के कई प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर शहर



विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं बिलासपुर नगर निगम महापौर श्रीमती पूजा विधानी उपस्थित रहीं। गुरमीत सिंह अरोरा, तनदीप सिंह अरोरा और गगनदीप सिंह अरोरा ने मुख्य अतिथियों एवं आगंतुकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। समारोह में भवन के मॉडल का लोकार्पण किया गया। उपस्थित अतिथियों ने परियोजना की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे शहरवासियों के लिए एक बेहतरीन प्रीमियम लिविंग स्पेस बताया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों और आमंत्रित नागरिकों के लिए भव्य भोज का आयोजन किया गया। दशमेश एक्जोटिका आधुनिक जीवनशैली की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो बिलासपुरवासियों को शानदार और सुविधाजनक आवास का अनुभव प्रदान करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण और समाजसेवी शामिल हुए।


# एलसीआईटी में बैंकिंग ऑपरेशन पर शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन

बिलासपुर। एलसीआईटी कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस के डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्किल इनहांसमेंट कोर्स के लिए विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल नॉलेज देने बैंकिंग ऑपरेशन विषय पर सीरीज का आयोजन किया गया। डीन शेख आदिल डल्ला ने बताया कि वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य शिक्षा केवल किताबों तक सीमित न हो, बल्कि



**एजुकेशन प्लस**

प्राप्त ज्ञान को व्यवहारिकता में लाना आवश्यक है। समय की मांग को पूरा करने के लिए शैक्षणिक पद्धति में परिवर्तन किया गया है। शिक्षा पद्धति को क्लासरूम के साथ प्रायोगिक रूप में भी अंगीकृत किया जा रहा है। बैंकिंग ऑपरेशन विषय को सार्थक करने क्लासरूम के साथ ही कई बैंकों में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जिनमें बैंक ऑफ़ इंडिया, कैनरा बैंक एवं एचडीएफसी रहे। जहां विद्यार्थियों को सामान्य बैंकिंग प्रक्रिया को समझाया गया। ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड से बचने की जानकारी दी। गेस्ट लेक्चर में मनी इन मोशन : एक्सप्लोरिंग द इंजन रूम ऑफ़ बैंकिंग जिसमे मुख्य वक्ता एसबीआई सरकंडा के ब्रांच मैनेजर रूपम अग्रवाल ने विद्यार्थियों को विषय पर प्राचीन समय से लेकर वर्तमान तक मनी के ट्रांसफर की जानकारी दी। प्राचार्या डॉ अर्चना शुक्ला ने कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी नियमों का अनुसरण करने कहा है। कार्यक्रम में सेक्रेटरी उपकार राय, उप प्राचार्य अभिनव पॉल, सुश्री शादिया खानम अली, किरण कौर राणा, अनुज बाजपेयी, सुश्री वन्तिका श्रीवास्तव, राम रतन मिश्रा, अभिनव दीक्षित, सुश्री हर्षा तिवारी, सुश्री रितिका रॉय एवं श्रेयांश तिवारी आदि मौजूद थे।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



अक्षय तृतीया इस बार 30 अप्रैल को मनाई जाएगी। जिसमें बाजार पर आकर्षक गुड्डे - गुड़िया की शादी करने और मंडप सजाने की तैयारी में जुट गए है।

जॉब अलर्ट

## इंडियन एयरफोर्स में अग्निवीर म्यूजिशियन पदों पर भर्ती

**बिलासपुर।** इंडियन एयरफोर्स में अग्निवीर म्यूजिशियन पदों पर भर्ती निकाली गई है। जो भी अभ्यर्थी इस रैली भर्ती में शामिल होना चाहते हैं वे तय तिथियों के अंदर ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की लास्ट डेट 11 मई 2025 तय की गई है। फॉर्म भरने से पहले उम्मीदवार पात्रता एवं मापदंड की जांच अवश्य कर लें। अभ्यर्थियों को बता दें कि इस भर्ती में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन रैली भर्ती के माध्यम से किया जायेगा। रैली भर्ती के लिए डेट 10 से 18 जून 2025 तय की गई है। इस भर्ती में आवेदन के लिए किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो। अभ्यर्थी को संगीत का ज्ञान होना चाहिए।



**आवेदन शुल्क 100 रुपए**

अग्निवीर रैली भर्ती में आवेदन के साथ सभी कैटेगरी के उम्मीदवारों को 100 रुपए शुल्क का भुगतान करना होगा। आवेदन फीस डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा किया जा सकता है। भर्ती से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# परशुराम जन्मोत्सव का आगाज, विप्रजन ने की महाआरती





भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का सोमवार को आगाज हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस कान्य कुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा लोखंडी में निर्मित आशीर्वाद भवन स्थित श्री परशुराम मंदिर में महाआरती कर किया गया।

### पूजन के बाद भोग, प्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंचल के प्रथम श्रीपरशुरामजी मंदिर में वरिष्ठ विप्र जनों ने महाआरती एवं पूजन किया। भोग प्रसाद वितरित किया गया। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि इस अवसर पर सभी विप्रजनों ने मंदिर परिसर में निर्माणाधीन आशीर्वाद भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर कान्य कुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष बी.के. पाण्डेय, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ल, डा.चीका बाजपेयी, विनय शर्मा, राजा तिवारी, जीतू चौबे, रायपुर से अरूण शुक्ल, रज्जन अग्निहोत्री, सत्यदेव तिवारी, राजेश त्रिवेदी, श्रेयश अवस्थी, सिद्धांत दुबे, सुबोध, डा. प्रदीप शुक्ल, आलोक, विशेषता त्रिवेदी, राजेश पाण्डेय, गोपाल तिवारी, कोरबा से उदयशंकर मिश्र, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अमित, शाश्वत तिवारी, आदित्य त्रिपाठी, बसंत बाजपेयी, लक्ष्मी कांत दीक्षित, माया बाजपेयी, सुमन अवस्थी, रश्मिलता, मनोहर लाल मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी, पत्रकार अमित मिश्र, गौरव, शिल्पी तिवारी, प्रशांत मिश्र, पूर्व महापौर राजेश पाण्डेय, संजय शर्मा, शलभ चतुर्वेदी, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, प्रभा तिवारी, संजय मिश्र, छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार सुनील दत मिश्र, सच्चिदानन्द तिवारी, संदीप बाजपेयी, अभिषेक मिश्र, प्रांजल तिवारी, अभिषेक गौतम, शर्मिला मिश्र, नमिता बाजपेयी, भावना मिश्रा, सरिता शुक्ला, हेमलता तिवारी, शिवा मिश्र, राजेश शुक्ल, ब्रजेश, अरूण तिवारी, गौरव शुक्ल, यू.के तिवारी, अवनीश शुक्ल, रविश त्रिपाठी, सारांश द्विवेदी, अनिरुद्ध मिश्र,अनंत मिश्र, वैभव अवस्थी, आशीष पाण्डेय, संदीप शुक्ल, प्रतीक तिवारी, प्रभात अवस्थी, संदीप बाजपेयी, अभिषेक मिश्र, शुभम तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्रजन शामिल रहे।

### ब्राहमण बहनों की रही सहभागिता

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ, अखंड प्रांतीय समग्र ब्राह्मण संग परशु सेना समाज की बहनों ने महाआरती में भाग लिया। जिसमें राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ बिलासपुर की जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी, राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय, संभाग प्रभारी मीनू दुबे, प्रदेश प्रभारी संगीता शर्मा, जिला प्रभारी नम्रता शर्मा, सचिव शशि प्रभा पांडेय, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, शारदा तिवारी, साधना दुबे, माया बाजपेई, पूनम पांडेय, कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ डॉ रश्मि लता मिश्रा, सुमन अवस्थी, श्री दुबे, परशुराम ब्राह्मण समाज से कृष्णा दुबे, अर्चना शुक्ला, सीता तिवारी सहित विभिन्न संगठन की बहनें शामिल रहीं।

**आज होगा रक्तदान शिविर :** समग्र ब्राहमण समाज संग परशु सेना के तत्वावधान में परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार 29 अप्रैल को व्यापार विहार स्थित आनंदा इंपीरिया में सुबह 11 से 5 बजे तक रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

कला

## चित्रकार ने पूर्व कलेक्टर को पोट्रेट बना कर किया भेंट




**बिलासपुर।** चित्रकारी में निपुण मोना केंवट ने कैनवास में एक्रेलिक कलर से पूर्व कलेक्टर अवनीश शरण एवं उनके माता-पिता की पोट्रेट बनाकर उन्हें भेंट किया। इस अवसर पर रासेयो जिला संगठक कांति अंचल, चंद्रशेखर देवांगन, स्वयंसेवक उमा कैवर्त, अर्पित साहू, रीतु भारती हेमलता करपे उपस्थित थी।

## सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समय देना बड़ी उपलब्धि



बिलासपुर। बंगाली लेडीज क्लब की महिलाएं अपने गृह एवं अन्य कार्मिक जिम्मेदारी निभाकर सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समय दे रही है, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। पिछले 30 वर्षों बंगाली लेडीज क्लब का संचालन हो रहा है। यह बातें वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि की आसंदी में उपस्थित महापौर पूजा विधानी ने कही। अध्यक्षा मीता घटक ने बताया कि, क्लब की महिला सदस्य लगातार सेवा कार्यों के अलावा बांग्ला गीत, संगीत एवं नाट्य कला में अपना महती योगदान देती आ रहीं हैं। क्लब के अन्य वार्षिक गतिविधियों की जानकारी सचिव रिंकु गांगुली ने दी। मुख्य अतिथि ने विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं और बच्चों द्वारा प्रस्तुत विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम था। कार्यक्रम में बंगला साहित्य एवं कला मंच के विभूतियों का सम्मान किया गया। 65 वर्षों से बंगला साहित्य में गीत, कविताएं, कहानी लेखन का कार्य करते हुए बिलासपुर ही नहीं कोलकाता तक जिनके लिखे साहित्य पर मंचन आज भी हो रहा है, ऐसे मूर्धन्य शहर के प्रख्यात बंगला साहित्यकार बाबू गुहा ठाकुरता को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## मां वाराही देवी की स्थापना

**बिलासपुर।** स्टेशन रोड बाराह खोली चौक में आयोजित श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव के चौथे दिन भक्तों ने मां वाराही देवी की पूजा अर्चना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव ने बताया कि वाराही देवी सनातन की एक शक्तिशाली और रहस्यमई देवी है,जिन्हें सप्त मृत आत्माओं में से एक माना जाता है। वह भगवान विष्णु के वराह अवतार की शक्ति रूपा है और देवी लक्ष्मी का भी एक रूप मानी



जाती है । मां बाराही को सूअर के सर और मानव शरीर के रूप में दर्शाया गया है। उनकी त्वचा का रंग काला या गहरे रंग का है जो अंधकार और रहस्य का प्रतीक है । देवी विभिन्न तरह के अस्त्र जैसे हल, मुसल ,गदा, चक्र और तलवार धारण किए हुए हैं। उनका वाहन भैंस है। वाराही देवी की पूजा शक्ति, साहस और रात्रि की देवी के रूप में किया जाता है। वह विशेष रूप से शाक्त,वैष्णव और शैव संप्रदाय की पूजनीय देवी है ।देवी की पूजा सामान्यतः रात्रि में की जाती है। विशेष कर मध्य रात्रि के समय तांत्रिक परंपराओं में उन्हें धूम्र वाराही, रात्रि देवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता हैं की देवी की पूजा से भक्तों को साहस, शक्ति और बुरी शक्तियों से सुरक्षा प्राप्त होती है। उनकी पूजा से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है । उत्तराखंड के देवीधूरा में माँ वराही का मंदिर है जो एक शक्तिपीठ भी है। मान्यता है कि सती का जबड़ा यहां गिरा था। इसके अलावा उड़ीसा के चौरासी और चेन्नई के मायलापुरा में भी वाराही अम्मान का एक प्रसिद्ध मंदिर है ,जहां नवरात्रि पर विशेष पूजा अर्चना होती है। पुजारी पार्थ सारथी ने इसी अद्भुत और चमत्कारी देवी की प्रतिमा गीली हल्दी से निर्मित की। रात्रि में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ उनकी पूजा अर्चना की गई। उन्हें विशेष भोग अर्पित किए गए।

## सेवानिवृत्त लोगों का इससे अच्छा संगठन नहीं देखा : धरमलाल



**बिलासपुर।** सामाजिक कार्य व जनहित के कार्य की कोई सीमा नहीं होती, न ही इसकी कोई उम्र होती और न ही कोई थकता है। अनवरत चलने वाले पुनीत कार्य के लिए कोई रिटायर्ड नहीं होता, अपितु रिटायमेंट के पश्चात क्षमता में और भी वृद्धि होती है। यह बातें वन्देमातरम मित्र मण्डल की 194 वीं बैठक के दौरान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कही। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं जब भी वन्देमातरम मित्र मण्डल के कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूं। कार्यक्रम के प्रान्ताध्यक्ष महेंद्र जैन को पूर्व से अधिक ऊर्जा में पाया हूं और ये ऊर्जा सामाजिक सद्भाव, निःस्वार्थ सेवा व समरसता के साथ सबको लेकर चलने का ही प्रतिफल है। मित्र मंडल में कोई सेवानिवृत्त नहीं होता। मैं देख रहा हूं अनेक लोग अंतिम समय तक मित्र मंडल के साथ सामाजिक कार्य में लगे हुए हैं, जो कार्य नौजवान भी नहीं कर पा रहे हैं। मात्र साढ़े तीन वर्ष के अल्प समय में बिलासपुर में चार शाखाएं संचालित करना राजधानी रायपुर में भी प्रारंभ कर देना किसी चमत्कार से कम नहीं। महेन्द्र जैन ने पहलगाम में निशस्त्र पर्यटकों की हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए विधर्मियों को किसी भी स्थिति में क्षमा नहीं करने की बात कही।

आयोजन

## समर कैंप में बच्चों को योगा डांस, पेंटिंग का प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत महिला विंग ने दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन सिंधी धर्मशाला हेमूनगर में किया। इसमें बच्चों को योगा, डांस, पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। भिंडी से पेंटिंग बनाने बताई गई। कैंप में 50 बच्चों ने भाग लेकर का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की फोटो पर पुष्प अर्पित, दीप प्रज्जवलन व आरती कर किया गया। महिला विंग की पदाधिकारी नेहा डोडेजा ने बताया कि महिला विंग द्वारा प्रत्येक वर्ष गर्मी में बच्चों की छुट्टियों में समर कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि घर की सब्जियों का उपयोग पेंटिंग के माध्यम से भी कर सकते हैं और इससे आकर्षक, ज्ञानवर्धक जागरूकता वाली पेंटिंग बना सकते हैं। वहीं क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान का फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी ने किया सम्मान

# फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में खिलाड़ियों को चौहान ने दिए टिप्स

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान ने सोमवार को फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में खिलाड़ियों के साथ 3 घंटे बिताए। खिलाड़ियों को बताया कि गेंदबाजी और बल्लेबाजी कैसे करना है। फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में उन्होंने सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों के साथ रूबरू होते हुए उन्हें गेंदबाजी और बल्लेबाजी की तकनीकी जानकारी दी। खिलाड़ियों के अभिभावकों से भी उन्होंने मुलाकात की और उनके बच्चों के लिए क्रिकेट के खेल में शंका समाधान भी किया। खिलाड़ियों के साथ-साथ कोच को भी प्रशिक्षण की नई तकनीक की जानकारी दी।







स्पोर्ट्स न्यूज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने क्रिकेट पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान को सम्मानित किया। इस अवसर पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट के खिलाड़ी तैयार करने एवं 2017 में इस मैदान में पहली फ्लड लाइट की चर्चा करते हुए राजेश चौहान ने कहा कि आज एजुकेशन यूनिवर्सिटी के साथ, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खुले रहे हैं। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के क्रिकेट प्रशिक्षण की तारीफ करते हुए कहा कि आज करीब 300 बच्चे यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जीवन में लक्ष्य बनाना है, जितने बेस्ट ऑफिसर होते हैं अच्छे स्पोर्ट्समैन होते हैं। स्पोर्ट्स को करियर के रूप में नहीं देखे। हमारा कंफर्टेबल जोन गलत रहता है, बच्चों में देखा कि वह गलत नहीं जा रहे हैं। बच्चो में उत्साह भी दिखा। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की तारीफ करते हुए राजेश चौहान ने कहा कि फाउंडेशन क्रिकेट मैदान में बच्चे बहुत टैलेंटेड खिलाड़ी है। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेटर राजेश चौहान का सम्मान किया गया जिसमें गुरमीत सिंह भाटिया, राजेश जायसवाल, अर्जुन तिवारी, संतोष साहू, कमल चडडा, मुकेश चड्डा, त्रिभुवन सिंह, प्रियंक परिहार, समीर अहमद, मनीष अग्रवाल, सुशांत राय, मोती गंगवानी, दिनेश देवांगन भी मौजूद थे। प्रिंस भाटिया ने स्मृति चिन्ह से पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान को सम्मानित किया।

### चौहान का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात -प्रिंस

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने राजेश चौहान का स्वागत करते हुए कहा कि एकेडमी के बच्चों के लिए उन्होंने समय निकालें। राजेश चौहान जिस लेवल पर वह क्रिकेट खेल चुके हैं। वे अच्छे क्रिकेटर के साथ-साथ अच्छे ह्यूमन बिग भी हैं। खिलाड़ियों के माता-पिता से कहा कि अपने बच्चों के ऊपर बहुत ज्यादा प्रेशर भी ना करें खेलने के लिए जितना खेलना होगा खेलेंगे हमारा प्रयास अकादमी खोलने के पीछे यही था कि एक प्लेटफार्म हम दे कि इस प्लेटफार्म से बच्चे आगे निकल जांएगे,अच्छे लेवल पर खेल रहे हैं और बड़ी जगह में आज अपना पार्टिसिपेशन दे रहे हैं।

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़कर क्रिकेट खेला

अभिभावक के सवालों का जवाब दिया कि यदि उनका बेटा क्रिकेटर नहीं बन पाया तो आगे क्या होगा राजेश चौहान ने कहा कि बच्चों को 70% खेल में दें। उन्होंने बताया कि उन्होंने इंजीनियरिंग छोड़कर क्रिकेट खेलने का फैसला लिया। 19 साल में क्रिकेट शुरू किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर संतोष साहू के अलावा मनीष अग्रवाल आलोक सिंह ठाकुर, अमर सिंह चौधरी, देव रुद्राकार, मोती गंगवानी लक्ष्मी यादव, अविनाश सेठी, अशोक भंडारी, आप सभी सम्मानित राजेश जायसवाल, प्रियंक सिंह परिहार,वी रामा राव आदि उपस्थित थे। राजेश चौहान सचिन तेंदुलकर के समय भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते थे ऑफ स्पिन गेंदबाजी किया करते थे और उनके नाम में विश्व रिकॉर्ड दर्ज है। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी 56 ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया है।

### बुमराह और शमी जहां चाहते हैं वही गेंद डालते हैं

देश के जाने-माने गेंदबाज और भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान ने आज फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में खिलाड़ियों को बैटिंग बॉलिंग तथा क्रिकेट खेल की तकनीकी समझाइए उन्हें बारिकी से बताया कि बल्लेबाज को बोलिंग कैसे करनी है और बैट्समैन को बताया कि उन्हें किस तरीके से बाल का सामना करना है । कैसे हिट करना है। राजेश चौहान ने कहा की प्रैक्टिस का मीनिंग होना चाहिए बल्लेबाज के बिना गेंदबाज अधूरा है। बोलिंग किस जगह में डालना है । राजेश चौहान ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी बुमराह और शमी जहां चाहते हैं वहीं बाल डालते हैं इसलिए उनका नाम है । जब तक एक बोलर बैट्समैन को अपनी बाल नहीं खिलाएगा आप बोलिंग नहीं कर सकेंगे । बैट्समैन को भी उन्होंने तकनीकी बताइए उन्हें किस तरह से पिच पर खड़े होकर गेंदबाज का सामना करना है, बोलिंग कैसे करना है।

मदद

## जरूरतमंदों को टोपी छतरी का वितरण




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन जिला द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए फाउंडेशन के महासचिव चंचल सलूजा द्वारा जरूरतमंद रिक्शा चालक, फुटपाथ के किनारे लगने वाले फल, पानीपुरी, जूस ठेला और राहगीरों को टोपी और छतरी का वितरण किया गया। इसके साथ ही लोगों को लू से बचाव हेतु जागरूक किया,फाउंडेशन की संरक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सुरेशा चौबे ने लोगों से अपील की है कि वे धूप में निकलने से बचें और लू से बचने के लिए आवश्यक उपाय करें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह,प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सुषमा पाण्डेय,प्रदेश महिला उपाध्यक्ष नम्रता शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय कश्यप, महिला जिला अध्यक्ष ममता सोनी जिला महासचिव चंचल सलूजा, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

28 APRIL- BSP-PG-4_Layout 1 4/28/2025 11:38 PM Page 1



### रितेश ने अपने निर्देशन की शुरूआत 2013 में आई इरफान की 'द लंचबॉक्स' से की थी

# अपनी पहली फिल्म से ही छा गए ये निर्देशक

*मुंबई। अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' इन दिनों सिनेमाघरों में चल रही है। फिल्म को दर्शकों द्वारा काफी पसंद भी किया जा रहा है और फिल्म की ऐतिहासिक कहानी होने के नाते इसकी सराहना की जा रही है। फिल्म को करण सिंह त्यागी ने डायरेक्ट किया है और ये उनकी पहली फिल्म है। ऐसे में अपनी पहली ही फिल्म में जलियांवाला बाग जैसे मुद्दे को उठाने पर करण सिंह त्यागी की काफी तारीफ की जा रही है। अपनी पहली ही फिल्म से करण सिंह त्यागी सुर्खियों में आ गए हैं और काफी प्रशंसा बटोर रहे हैं। करण सिंह त्यागी से पहले भी कई ऐसे बॉलीवुड डायरेक्टर हुए हैं, जिनकी पहली फिल्म हिट हुई और वो अपनी पहली ही फिल्म से छा गए। जानते हैं इस लिस्ट में कौन-कौनसे निर्देशक हैं शामिल हैं।*



## करण जौहर : कुछ कुछ होता है

बॉलीवुड के मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर अपनी पहली निर्देशित फिल्म से ही इंडस्ट्री में छा गए थे। करण ने 1998 में आई फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी स्टारर यह फिल्म एक कॉलेज स्टूडेंट्स की लव लाइफ पर थी। जिसे उस वक्त युवाओं ने काफी पसंद किया था।



## आदित्य चोपड़ा : दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे

मौजूदा वक्त में यशराज फिल्म्स के कर्ता-धर्ता और दिग्गज निर्देशक यश चोपड़ा के बेटे आदित्य चोपड़ा ने अपने निर्देशन की शुरुआत 1995 में आई फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' से की थी। शाहरुख खान और काजोल स्टारर यह फिल्म बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म के नाम कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी हैं। फिल्म को कई अवॉर्ड भी मिले हैं।



## अनुराग कश्यप : ब्लैक फ्राइडे

अपनी अलग तरह की फिल्मों के लिए मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप ने साल 2004 में आई फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। ये फिल्म 1993 के मुंबई ब्लास्ट पर आधारित है। इस फिल्म को बॉलीवुड की कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। हालांकि, इस फिल्म से पहले अनुराग कश्यप ने 'पांच' का निर्देशन किया था। लेकिन ये फिल्म भारत में कभी रिलीज नहीं हुई। ब्लैक फ्राइडे के लिए अनुराग को काफी तरीफें भी मिली थीं।



## फरहान अख्तर : दिल चाहता है

एक्टर-सिंगर और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर के बेटे फरहान अख्तर ने अपने करियर में कई सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। फरहान ने बतौर निर्देशक अपने करियर की शुरूआत 2001 में आई 'दिल चाहता है' से की थी। अपनी पहली ही फिल्म से फरहान अख्तर इंडस्ट्री में छा गए।



## रितेश बत्रा : द लंचबॉक्स

रितेश बत्रा ने अपने निर्देशन की शुरूआत 2013 में आई इरफान खान की फिल्म 'द लंचबॉक्स' से की थी। अपनी पहली फिल्म में एक ऐसी कहानी दिखाकर रितेश ने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग छाप बना ली। 'द लंचबॉक्स' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।



## दिबाकर बनर्जी : खोसला का घोसला

आपको अनुपम खेर और बोमन ईरानी की फिल्म 'खोसला का घोसला' तो याद ही होगी। अपनी हल्की-फुल्की कहानी वाली इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म से दिबाकर रातों-रात इंडस्ट्री में छा गए थे।

## हॉलीवुड मसाला



## भारत में रिलीज होगी मिशन इम्पॉसिबल

**लॉस एंजिलिस।** क्रिस्टोफर मैक्वेरी के निर्देशन में बनी 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग का इंतजार दर्शक एक लंबे समय से कर रहे हैं। पांच महीने पहले जब पैरामाउंट पिक्चर ने टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल-8' का फाइनल चैप्टर का टीजर रिलीज किया था, तभी से दर्शक इस फिल्म की थिएटर रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। टॉम क्रूज की फिल्मों को पसंद करने वालों की संख्या जितनी विदेशों में है, उतनी ही इंडिया में भी है। भारत में भी टॉम क्रूज की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार होता है। अब मिशन इम्पॉसिबल के फाइनल चैप्टर से जुड़ी हम आपके लिए एक ऐसी खबर लाए हैं। जिसके सुनकर टॉम क्रूज के इंडियन फैंस निश्चित तौर पर खुशी से झूमने वाले हैं। अमेरिकन स्पाई थ्रिलर फिल्म मिशनः इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग का आठवां पार्ट पहले भारत में रिलीज होगा।



## 'केजीएफ' फिल्म ने दी मुझे पहचान

**मुंबई।** 'केजीएफ' में अभिनेता यश के साथ नजर आईं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हिट 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेत्री ने अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने उनको 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट कहे जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि उन्हें आलोचनाओं व ट्रोलिंग से फर्क पड़ता है या नहीं। 'हिट 3' की रिलीज का इंतजार कर रहीं अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने हालिया बातचीत में अपनी पहली फिल्म 'केजीएफ' में उन्हें फ्लावरपॉट कहकर ट्रोल किए जाने पर बात करते हुए कहा, "मुझे 'केजीएफ' में फ्लावरपॉट बनने में कोई आपत्ति नहीं थी, क्योंकि जब यह आई तो यह मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट की तरह था। न कि यह कैसे होगा, ये मेरे लिए मायने रखता था।





## बड़ा खुलासा, नानी बनेंगे महाभारत का हिस्सा

**मुंबई।** एसएस राजामौली की आखिरी फिल्म 'आरआरआर' ने इतिहास रचते हुए ऑस्कर जीतकर देश का मान बढ़ाया था। तब से ही फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल, राजामौली सुपरस्टार महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के साथ अपने मोस्ट अवेटेड प्रोजेक्ट 'एसएसएमबी29' पर काम कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसी बीच हैदराबाद में हुए एक खास इवेंट के दौरान राजामौली ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'महाभारत' को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। दरअसल, राजामौली हैदराबाद में आयोजित नानी की फिल्म 'हिट 3' के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुए थे। इस दौरान होस्ट और एक्ट्रेस सुमा कनकला ने उनसे महाभारत में कास्टिंग को लेकर सवाल किया। उन्होंने पूछा कि क्या नानी भी इस ग्रैंड प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे?



## स्टीवर्ट ने लेस्बियन गर्लफ्रेंड से की शादी

लॉस एंजिलिस। ट्वाइलाइट फिल्म से पॉपुलर होने क्रिस्टन स्टीवर्ट फिल्मी प्रोजेक्ट्स से ज्यादा लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। बीते कुछ सालों से वह डायलन मेयर को डेट कर रही थी। आखिरकार अब उन्होंने रिश्ते को शादी का नाम दे दिया है। एक्ट्रेस ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से शादी रचाई है। इसकी जानकारी सामने आने के बाद उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि अभिनेत्री ने रविवार को अपनी लंबे समय की गर्लफ्रेंड डायलन मेयर से शादी कर ली है। बता दें कि उन्होंने शादी स्टीवर्ट के लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर में एक निजी समारोह के तहत की है। इस कपल ने चार साल पहले अपनी सगाई की घोषणा की थी और अब शादी की। रिपोर्ट में यह जानकारी भी दी गई है कि क्रिस्टन और उनकी गर्लफ्रेंड ने एक सप्ताह पहले ही शादी का लाइसेंस कोर्ट से ले लिया था। अब सोशल मीडिया पर उनकी शादी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इसमें स्टीवर्ट ग्रे रंग की आउटफिट में नजर आ रही हैं। वहीं, मेयर ने इस खास दिन के लिए सफेद कलर की स्पेशल आउटफिट को चुना।

## टीवी मसाला

## नायरा : आपका फिगर साउथ मूवीज वाला है, सुझाव से परेशान

**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी साउथ सिनेमा का भी बड़ा नाम हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 18 में भी वे हिस्सा ले चुकी हैं। नायरा ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि जब वे फिल्मी दुनिया में आईं तो कास्टिंग डायरेक्टर्स उन्हें साउथ फिल्मों में जाने का सुझाव देते। नायरा का कहना है कि शुरुआत में उन्होंने लॉ स्कूल में दाखिला लिया, क्योंकि परिवार में वकीलों की कमी थी। मगर, उन्हें डांस का भी शौक था। उन्होंने इंडस्ट्री की तरफ रुख किया।



नायरा बनर्जी का कहना है कि कास्टिंग डायरेक्टर अक्सर उनसे कहते थे कि वे साउथ की फिल्मों के लिए एकदम सही हैं। उन्होंने कहा, 'ये लोग बोलते कि आपका चेहरा और फिगर साउथ की फिल्मों वाला है'। नायरा ने आगे बताया कि शुरुआत में कास्टिंग डायरेक्टर्स ने उनके चेहरे और शारीरिक बनावट के चलते उन्हें साउथ की फिल्मों के लिए परफेक्ट पाया। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा कास्टिंग डायरेक्टर्स को कहते सुना है, 'तुम्हारा चेहरा और शरीर साउथ इंडियन फिल्मों के लिए परफेक्ट है''। नायरा ने आगे कहा, 'उन दिनों में इतनी पतली नहीं थी। ये लोग बोलते कि आपके फिगर के हिसाब से साउथ की फिल्में हैं। मैंने कहा कि मैं यह नहीं करना चाहती। मैंने कभी साउथ की कोई फिल्म नहीं देखी। एक कास्टिंग डायरेक्टर ने श्रीदेवी और दूसरी दिग्गज अभिनेत्रियों के नाम लिए और बताया कि साउथ इंडियन फिल्में भी अच्छी होती हैं'। नायरा ने आगे कहा कि वे जब घर गईं और अपने माता-पिता के सामने यह बात रखी तो उनके पिता ने साफ मना कर दिया। वहीं, मां ने भी सलाह दी कि वे इस बारे में भूल जाएं, क्योंकि वे ऐसे किसी इंसान को नहीं जानते थे जो गाइड करे। साउथ फिल्मों को लेकर नायरा ने कहा कि साउथ सिनेमा में प्रतिस्पर्धा है और जब उन्हें बड़ी फिल्मों और लीड रोल के ऑफर मिलने लगे, तो उन्होंने अपनी पढ़ाई पर फोकस करने के लिए उन्हें रिजेक्ट कर दिया। लोग उनसे कहते थे कि वे अभिनय के बजाय पढ़ाई को प्राथमिकता दे रही हैं। उनके फैसलों पर सवाल उठाते थे।

## अनुपमा की बहू किंजल पर पैसा चुराने का आरोप

**मुंबई।** वसुंधरा कोठारी समझ चुकी है कि अनुपमा के खिलाफ लड़ाई में अनिल उसका साथ नहीं देगा। पहले ही कमजोर पड़ चुके अनिल की जगह वसुंधरा कोठारी अपने दामाद को खड़ा करेगी। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसमें दिखाया गया है कि मोटी बा अकेले में अपने दामाद गौतम को बुलाएगी और उससे कहेगी कि अनिल पर हमें भरोसा नहीं रहा ऐसे में यह जिम्मेदारी हम तुम्हें सौंपते हैं। वसुंधरा कोठारी कहेगी कि कुछ भी करके राघव वाला केस तुम्हें बंद करवाना होगा। गौतम को यह कोठारी परिवार की नजरों में इज्जत कमाने का बड़ा मौका दिखेगा और वह फौरन शाह परिवार की दुखती रग तलाशना शुरू कर देगा। प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि एक रोज जब शाह परिवार में खुशियों भरा माहौल होगा तब गौतम वहां पुलिस लेकर पहुंच जाएगा और बताएगा कि किंजल ने दफ्तर से पैसे चुराए हैं।



## कंगना अनुराग बसु की सबसे चमत्कारिक खोज




**मुंबई।** बॉलीवुड डायरेक्टर-प्रोड्यूसर महेश भट्ट अपनी शानदार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। अपनी फिल्म गैंगस्टरः ए लवस्टोरी के 19 साल पूरे होने पर कई यादें शेयर की। इस फिल्म में इमरान हाश्मी और शाइनी आहूजा ने अहम किरदार निभाया था। और कंगना रनौत ने डेब्यू किया था। फिल्म के प्रोड्यूसर महेश भट्ट थे। अब हाल में फिल्म के बारे में बात करते हुए डमहेश भट्ट ने कंगना रनौत की तारीफ करते हुए उन्हें डायरेक्टर अनुराग बसु की चमत्कारिक खोज बताया। महेश भट्ट ने याद करते हुए कहा कि कंगना रनौत उस समय एक अनछुई, जंगली ऊर्जा की तरह थीं, और अनुराग बसु ने उनके टैलेंट को पहचाना। महेश भट्ट ने कहा- "उनकी (अनुराग बसु) सबसे बड़ी करामात थी कंगना रनौत को खोजना। एक जंगली, अनगढ़ प्राकृतिक शक्ति। अपने पहले ही रोल में वह फीनिक्स की तरह उभरीं और गैंगस्टर को उड़ने के लिए पंख दे दिए। और फिर था साउथ कोरिया। एक अनपेक्षित, खूबसूरत चुनाव। टूटे दिलों पर गिरती चेरी ब्लॉसम की नर्म बारिश; एक विदेशी धरती और प्रीतम का म्यूजिक।"

## बाबुलनाथ मंदिर पहुंची 'ज्वेल थीफ' अभिनेत्री

**मुंबई।** अभिनेत्री निकिता दत्ता को हाल ही में 'ज्वेल थीफ' में देखा गया। उन्होंने सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ प्रमुख भूमिका निभाई। सोमवार को अभिनेत्री मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर पहुंची। फिल्म रिलीज होने के तीन दिन बाद सोमवार को अभिनेत्री को मंदिर में देखा गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभिनेत्री ने शिव जी के मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि निकिता मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना कर रही हैं। वह शिव मंदिरों में मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान के बाद नंदी के कान में फुसफुसाती भी नजर आ रही हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने लाल फूलों के प्रिंट वाली सफेद भारतीय पोशाक पहनी थी।



## 'रेड 2' पर चली सेंसर की कैंची



**मुंबई।** अजय देवगन की मच अवेटेड फिल्म 'रेड 2' रिलीज को तैयार है। 1 मई को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अब सिर्फ दो दिनों का ही समय बाकी रह गया है। फिल्म की कास्ट इसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस बीच फिल्म पर सेंसर की कैंची चली है। जिसके बाद अब फिल्म सेंसर बोर्ड से भी पास हो गई है। जानकारी के मुताबिक, फिल्म में अधिक कट तो नहीं लगे हैं। हालांकि, फिल्म से अजय देवगन का एक डायलॉग जरूर हटाए जाने की जानकारी सामने आ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अजय देवगन की 'रेड 2' में सीबीएफसी यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने कोई विजुअल कट नहीं लगाया है। हालांकि, फिल्म से अभिनेता अजय देवगन का एक आठ सेकंड लंबा डायलॉग सीबीएफसी ने काट दिया है। फिल्म की शुरूआत में आने वाला अजय देवगन का 'पैसा, ताकत और हथियार' वाला डायलॉग सीबीएफसी ने फिल्म से हटाने को कहा है।

## कोस्टाओ ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक्टिंग की बदौलत लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। उनका नाम चुनिंदा कलाकारों की लिस्ट में शामिल हैं, जो किरदार की जरूर को बखूबी निभाना जानते हैं। फिल्मी दुनिया से जुड़े मुद्दों पर एक्टर खुलकर अपनी बात रखने के लिए भी जाने जाते हैं। बड़े पर्दे के साथ-साथ ओटीटी पर भी उनका काम तारीफ के काबिल है। इन दिनों नवाजुद्दीन अपनी अपकमिंग फिल्म कोस्टाओ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जो ओटीटी पर रिलीज होगी। इसके प्रमोशन में एक्टर बिजी चल रहे हैं।



**कार्यालय छत्तीसगढ़**
**गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल नगर देवरीखुर्द बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी - 387/ए, आबंटी श्रीमती बी. वैशाली राव पिता श्री सुनील कुमार अड्डो, के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 04.10.2010 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री कुशल प्रसाद आर्मो पिता रेजु राम आर्मो को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस प्रकाशन / प्रारूप (क)**
क्रमांक/289/ वा. ना. तह / 25
बोदरी दिनांक 24/4/2025

प्रति, इन्द्रजीत सिंह सलूजा पिता दिलीप सिंह सलूजा निवासी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.)

विषय :- रिकार्ड दुरुस्त किये जाने के संबंध में।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मेघराजसिंह ठाकुर पिता गोकर्ण सिंह जाति क्षत्रिय निवासी जरहाभाठा बिलासपुर एंव 02 अन्य के द्वारा ग्राम हरदी प.ह.न. 11 तहसील बोदरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 354/1 रकबा 0.362 हे. भूमि का नामांतरण पंजी वर्ष 2017-18 नामांतरण क्रमांक 01 ग्राम पंचायत प्र.क्र. 09 दिनांक 04/11/2017 के अनुसार प्रमाणीकरण किया जाकर अभिलेख दुरूस्त करते हुए आवेदकगणो को ऋण पुस्तिका में इन्द्राज कर प्रदाय किया गया है किन्तु वर्तमान में त्रुटिवंश राजस्व अभिलेख में दर्ज होने का उल्लेख करते हुए अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

आप अपना पक्ष प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि दिनांक 7/05/2025 के पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं/ अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिये निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 3**
**बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न. - 00024 रमतला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425400106000031

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम रमतला के वर्तमान भूमिस्वामी गनेशराम महेशराम कातिकराम ना. बा. रमेशकुमार पि. पिता/ पति - मंगलू पता-सा. सेन्दरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1340/3/ख (0.2020) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता सुकवारा बाई पिता/पति- गणेश पता, अशोक साहू पिता/ पति- गणेश पता- के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/04/2025 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**Garima Thakur बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती रेखा दुबे पति श्री ललित कुमार दुबे उम्र 40 वर्ष निवासी पुलिस क्वाटर तोरवा आर.टी.एस. कालोनी बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा श्रीमती ओम प्रभा तिवारी पति श्री सुरेन्द्र तिवारी निवासी दर्रीघाट तह. व थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर के स्वामित्व की भूमि ग्राम मोपका, प.ह.नं. 19/29, तह. व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 845/1/च/4 रकबा 1008 व.फु. जिसमें पक्का मकान निर्मित है, जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है, जिसे निकट भविष्य में रजिस्ट्री करा लिया जावेगा, जिस किसी बैंक, संस्था, व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो सम्पूर्ण दस्तावेज सहित 10 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सो सूचना जानें।

दिनांक 28.04.2025

**श्रीमती सुनंदा तिवारी (अधिवक्ता)**
**कंचन विहार, सीपत रोड,**
**चांटीडीह बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 7000511351**

**न्यायालय-प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस / नोटिस**
व्य.वा.क्र.-773A/2024
आदेश दिनांक - 17.04.2025
पेशी दिनांक - 18.06.2025
प्रोसेस क्र. 97/2025

प्रकाश वर्मा उम्र 30 वर्ष पिता प्रताप वर्मा निवासी ग्राम - जलसो थाना-कोनी तह. व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)... आवेदक

विरूद्ध

शारदा वर्मा उम्र 24 वर्ष पति प्रकाश वर्मा निवासी- सीपत थाना व तह. - सीपत जिला- बिलासपुर (छ.ग.)...अनावेदिका

इस न्यायालय में आवेदक - प्रकाश वर्मा ने अनावेदिका के विरूद्ध धारा-13 1 1क 1ख हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 वास्ते विवाह विच्छेद की डिक्री प्रदान करने बाबत। विवाह विघटन बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 18.06.2025 को है।

अनावेदिका - शारदा वर्मा उम्र 24 वर्ष पति प्रकाश वर्मा निवासी- सीपत थाना व तह. - सीपत जिला - बिलासपुर (छ.ग.) को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 18.06.2025 को इस न्यायालय में प्रात: 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेंवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

पेशी दिनांक 18.06.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 25.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक - 25.04.25
स्थान :- बिलासपुर (छ.ग.)

**(निरंजन लाल चौहान)**
**प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

28-APR--REGNOL---pg-5-COMMAN_Layout 1 4/29/2025 12:15 AM Page 1



## बांस से बने सामानों की पूछपरख बढ़ी

# अक्षय तृतीया पर बाजार गर्म, बढ़ी खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में शादी विवाह का आयोजन चल रहा है। जिसके चलते खासकर साप्ताहिक बाजारों में बांस से बने सामान की मांग बनी हुई है। वैवाहिक कार्यक्रम हेतु बड़ी संख्या में लोग इन्हें खरीद भी रहे हैं। बेचने वालों के पास शहर सहित गांव-गांव के लोग पहुंच रहे हैं। प्लास्टिक के बने सामानों के चलते बाजार में बांस से बने गृह उपयोगी सामानों की पूछपरख कम हो गई है। सिर्फ शादी विवाह आदि के समय रस्म पूरी करने बांस आदि से बने गृह उपयोगी सामान लोग खरीदते हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। शादियों के लिए अक्षय तृतीया के दिन को सर्वोत्तम माना जाता है इस दिन मुहूर्त का इंतजार नही किया जाता, शादी के अलावा अन्य संस्कारो के लिए भी अक्षय तृतीया को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस बार अक्षय तृतीया में विशेष मुहूर्त हैं जिसके चलते अंचल में अक्षय तृतीया के दिन बडी संख्या में शादियां होंगी। शादी के सीजन में सूपा, झेंझरी, डलिया, बिहाव पर्रा, बिजना पंखा, भांवर चुकी, झाल की मांग है। गांव के साथ शहर के लोग भी शादी में परंपरा निर्वहन करने बांस के इन सामानों की खरीददारी करते हैं। रामनवमी से शादी का सीजन प्रारंभ हो गया है। जिसके चलते इन बांस से बने सामानो की मांग बनी हुई है। बंसोड़ जाति के लोगों ने शादी सीजन के चलते बांस से बने सामान काफी ज्यादा संख्या में बनाए हैं। बांस के बने सामान की अच्छी बिक्री होने के कारण शादी सीजन में बांस से बने सामान का व्यवसाय सिर्फ बंसोड़ जाति के लोग करते हैं। शादी में परंपरा का निर्वाह करने के साथ लडडू, चावल, सब्जी सहित अन्य सामान रखने भी बांस के इन सामानो की मांग बढ़ जाती है। छेंछरी, झाल की तो काफी मांग रहती है। जब से प्लास्टिक के बने गृह उपयोगी सामान बाजार पहुंच रहे हैं तब से शहर के साथ गांव में बांस से बने सामानों की पूछ-परख होती ही नहीं। गांव में आज भी बांस से बने झऊहा, टोकनी की मांग बनी हुई है। गांव में अब भी प्लास्टिक के सामनों की पहुंच नहीं हो पाई है। प्लास्टिक के चलते शहर में बांस से गृह उपयोगी सामान बनाने वालों का व्यवसाय प्रभावित हुआ है। शादी सीजन में परंपरा निर्वाह करने सभी समाज में बांस के बने सामान लोग खरीदते हैं। सिर्फ शादियों के सीजन में ही इनकी मांग रहती है जबकि पहले तो साल के बारहों महीने इनकी मांग बनी रहती थी। प्लास्टिक से बने सामानों के कारण गृह उपयोग की बांस से बनी सूपा, झेंझरी, डलिया, बिजना पंखा, भांवर चुकी, झाल की बिक्री लगभग खत्म बांस की उपयोगी वस्तुओं की अब रस्म के लिए ही खरीदी की जाती है। बंसोड़ परिवारों को जिला बनने के बाद भी वन विभाग से नियमित रूप से रियायती दर पर बांस उपलब्ध नहीं हो पाता। जिसके चलते उन्हें अधिक मूल्य पर बांस खरीदना पड़ रहा है। इन लोगों ने शासन से रियायती दर पर नियमित रूप से बांस उपलब्ध कराए जाने की मांग शासन से की है। अक्षय तृतीया पर सामूहिक सहित अन्य विवाह आयोजन होंगे। विवाह आयोजनों को लेकर बाजार में अभी से रौनक लौट आई है। विवाह के लिए खरीदे जाने वाले परंपरागत समानों की दुकाने सज चुकी है। बाजार में इस बार ग्राहकी की बूम है। शादियों की तैयारियों को लेकर बड़ी संख्या में लोग गोल बाजार, पुराना बस स्टैंड, पड़ाव चौक, दाऊपारा, नया बस स्टैंड संहित नगर के प्रमुख मार्गो की दुकानों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। अंचल में सैकड़ों की संख्या में शादियां होंगी और मैरिज गार्डन, केटरर्स, बैंड बाजे, हलवाई, सभी बुक हैं।



बांस के बने शादी सामानों की खरीददारी करते ग्रामीण।

### बाल विवाह रोकने टीम गठित

जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार बाल विवाह रोकथाम हेतु संयुक्त दल का गठन किया गया है। इस दल में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी सम्मिलित हैं। दल का उद्देश्य जिले में बाल विवाह की संभावनाओं को समाप्त करना और बाल अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। इसके लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में बाल विवाह के दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। बाल विवाह के कारण बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, इसलिए इसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार राज्य में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें जिले को भी बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिले तो तुरंत जिला स्तरीय या स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें। बाल विवाह की सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या मोबाइल नंबर 7000296589 पर भी संपर्क किया जा सकता है। जिला स्तर पर गठित दल नियमित रूप से निगरानी करेगा और ग्राम पंचायतों में भी स्थानीय समितियों के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी।



## अंशुल व जिज्ञासा बने शतरंज चैंपियन

**लोरमी।** नगर में हुनर शतरंज क्लास की ओर से एक दिवसीय रैपिड शतरंज स्पर्धा का आयोजन विकासखंड खेल केंद्र में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 22 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिनमें 5 अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थे।

स्पर्धा 6 चक्रो में आयोजित की गई। जिनमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान अंशुल शर्मा 6 अंक, द्वितीय स्थान अमृतेश उपाध्याय-4.5 अंक, तृतीय स्थान-यश शर्मा-4.5 अंक, चतुर्थ स्थान-प्रांजल कश्यप 4 अंक, पांचवां स्थान-प्रवीण कश्यप 4 अंक, छठवां स्थान- निर्भय सिंह राजपूत 4 अंक, सातवां स्थान-सुधीर कश्यप 4 अंक, आठवां स्थान-राजेश पाटले 3 अंक, नवमां स्थान- आद्वित उपाध्याय 3 अंक, दसवां स्थान-भावेश गुप्ता 2 ग्यारहवां स्थान रुद्राक्ष शर्मा 2 अंक, बारहवां स्थान-अनिरुद्ध जायसवाल02 अंक, तेरहवां स्थान सोमिल सिंह राजपूत 2 अंक रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान-जिज्ञासा बंजारे 4 अंक, द्वितीय स्थान सौम्या सिंह राजपूत 3 अंक, तृतीय स्थान सृष्टि गुप्ता 3 अंक, चौथा स्थान सौम्या सिंह राजपूत 3 अंक, पांचवा स्थान निधि चक्रधारी 3 अंक, छठवां स्थान -आराध्या जायसवाल 2 अंक, सातवां स्थान आराध्या ताम्रकार 2 अंक, आठवां स्थान मौली ध्रुव 1 अंक, नवमां स्थान अनुष्का ताम्रकार ने प्राप्त किया। स्पर्धा के मुख्य अतिथि सूर्यकांत शर्मा (वरिष्ठ सदस्य मुंगेली जिला शतरंज संघ), विशिष्ट अतिथि रूप में राजेश उपाध्याय, विनोद कुमार ध्रुव, संजीव सिंह राजपूत, अभिषेक जायसवाल, प्रीतम सिंह राजपूत उपस्थित थे। स्पर्धा के सफल आयोजन हेतु जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, युगल किशोर राजपूत, अजय बघेल, कामता प्रसाद कुर्रे सहित अन्य रहे। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक ओमप्रकाश वन्दे थे।

## खबर संक्षेप

### पीएम की मन की बात सुनने उमड़ी भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़



**सरगांव।** सरगांव मंडल के शक्ति केंद्र सांवा के बूथ क्रमांक 95 एवं 96 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 121वां एपिसोड को सुनने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं लोगों की भीड़ एकत्रित हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिपं सभापति अंबालिका साहू, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रिजवान हक, जपं सदस्य दुकलहा साहू, रामशीला राजपूत सरपंच, रामनारायण राजपूत इकाई अध्यक्ष, बोधराम राजपूत, घनश्याम राजपूत, प्रताप राजपूत, छेदीलाल साहू, बिसाहू राम साहू, जीवराखन साहू, पुरुषोत्तम साहू, पारले राजपूत, नकुल राजपूत, जंतराम साहू, गोदावरी साहू, पर्यटन ध्रुव, मालती यादव, बृहस्पति साहू, मीरा साहू, विमला साहू, विषहीन साहू, रानी राजपूत, रामेश्वरी साहू, नारायण साहू आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरपंच संघ ने पदाधिकारियों की सूची सौंपी



**लोरमी।** विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सरपंच संघ के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रीय ने संघ के पदाधिकारियों की सूची जनपद पंचायत के सीईओ को 93 सरपंचो के समर्थन सहित संघ के विभिन्न पद के नामों सहित सूचीबद्ध दिया। उन्होंने बताया कि सरपंच संघ समय-समय पर बैठक कर अपने मांगों एवं समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराते रहेंगे, साथ सरकार की सहयोग व योजनाओं गांव में पहुंचाने अग्रिम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच संघ के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय एवं उपाध्यक्ष- गनपत साहू, दुर्गा देवी डाहिरे, सचिव- नरेन्द्र ध्रुव ,सहसचिव- ईश्वरी जायसवाल ,कोषाध्यक्ष- नारायण सिंह राजपूत , कार्य अध्यक्ष प्रतिभा सुरेन्द्र साहू, संरक्षक - नारायण साहू, धनंजय माथुर , दरबारी साहू, अमर सिंह ध्रुव, ननकू भिखारी शामिल थे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा प्रारंभ



**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम खैरा जयरामनगर के प्रतिष्ठित साहू परिवार रामजी साहू के यहां सोमवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा प्रारंभ हुई। इसके मुख्य यजमान हरिश्चंद्र साहू, शैलेन्द्री साहू, रामभरोस साहू सुनीता साहू हैं। साहू परिवार के प्रेमचंद साहू राममति साहू , सुभाष संतोषी साहू, परदेशी नंदनी साहू के सानिध्य में कथा आयोजित होगी। कथा आचार्य पंडित उर्वशी महाराज ने मंत्रोच्चार कर कलश स्थापित कराया। कलश यात्रा में श्रीमद् देवी भागवत को शैलेन्द्री साहू ने अपने सिर पर धारण किया और ध्वज पताका को हरिश्चंद्र साहू ने लेकर अगुवानी की। इस मौके पर सुनील साहू, आनंदराम साहू, लखन यादव, तिहारु यादव, संजय कुमार यादव, धनीराम यादव, आशीष साहू, अनिल उपाध्याय, डॉक्टर रामसेवक साहू, शिवनंदन साहू, अंजोरी सिदार, मोहित पाल, हीरा लाल पाल, परमेश्वर साहू, घनश्याम साहू, प्रमिला साहू, चंद्रिका जगत, दुलौरिन सिदार, जानकी साहू आदि मौजूद थे।

### भगवान प्रेम से ही होते हैं प्रकट: तारेंद्र कृष्ण



**लोरमी।** ग्राम महरपुर में आयोजित भागवत कथा महोत्सव का पंचम दिवस कुरुद धमतरी के कथावाचक पंडित तारेंद्र कृष्ण महाराज ने बताया कि किस प्रकार भगवान श्याम सुंदर का अवतार मथुरा के कारागृह में सभी भक्तों के करुण पुकार को सुनकर हुआ। महाराज जी ने बताया कि भगवान सुदामा शबरी गोप ग्वाल जैसे भक्त को दर्शन देने के लिए उनके साथ में कुछ समय व्यतीत करने के लिए आनंद प्रदान करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लेकर के आते हैं और सुंदर दिव्य लीला करके अपने भक्तों को आनंद प्रदान करते हैं। रुक्मणी मंगल विवाह की पावन कथा सुनाते हुए कथा विश्राम किया गया। इस मौके पर संतोष राजपूत, सरस्वती राजपूत बृजभूषण राजपूत, गणेश राजपूत, अर्जुन राजपूत, परस राजपूत, खेलन राजपूत व समस्त गांव के श्रोता कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लखराम में श्रीराम कथा आज से



**लखराम।** संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन 29 अप्रैल से 4 मई तक कथा लखराम में दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक तक बस स्टैंड में किया जा रहा है। स्वामी हुलेश्वर नंद की कृपा पात्र कथावाचक श्रीराम प्रिया पूजा तिवारी व परायण कर्ता अभिषेक पांडे हैं।



## गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य पांडे को दी विदाई

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे अपनी अधिवर्षिकी पूर्ण कर सेवा निवृत हुए। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जितेंद्र शुक्ला और आभार प्रदर्शन रश्मि मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य एचएस क्षत्री, बीआर सूर्यवंशी, जेडी कुजूर, मिनाज खान, रश्मि मिश्रा, प्रभा पांडे ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र दुबे, अंकित विश्वकर्मा, मयंक यादव, एचडी मैरसा, अशोक चंदेल, सलीम बंजारे, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, कामिनी गुप्ता, दिव्या मिश्रा, पारुल यादव, माहेश्वरी सिन्हा, अंजनी साहू, अहिल्या ध्रुव, करुणा ध्रुव संहित अन्य उपस्थित रहे।

### राज्यपाल पहुंचे जीपीएम...



**गौरेला।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय प्रवास पर सोमवार की शाम जीपीएम जिला पहुंचे। उनके जिला आगमन पर रेलवे स्टेशन पेण्ड्रारोड में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी एवं पुलिस अधीक्षक एसआर भगत सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।

## पैदल जा रही महिला आई बस की चपेट में, मौत



**तखतपुर।** मजदूरी के लिए पैदल जा रही महिला की बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम विंध्यासर निवासी लक्ष्मीबाई वस्त्रकार उम्र 50 वर्ष अपने पति शिवकुमार के साथ काठाकोनी मजदूरी के लिए पैदल जा रही थीं। इस दौरान जैसे ही वे काठाकोनी पुल के पास पहुंचीं, पीछे से तेज गति से आ रही दीप ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 10 जी 0323 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल महिला को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा उपरांत पोस्टामार्डम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## कोरी बुनकर समाज के अध्यक्ष बने भगवत

**बेलतरा।** कोरी (बुनकर) समाज का चुनाव मुख्य निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मीकांत कोरी (तहसीलदार) जांजगीर एवं उप चुनाव अधिकारी अमृतलाल उरैहा (एसडीओ) पंडरिया के मार्गदर्शन में सेंदरी में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष राम मनोहर कोरी, विशिष्ट अतिथि गौरी शंकर कोरी, गोपाल कोरी, रामनाथ कोरी, हुलास राम कोरी, रामेश्वर कोरी, बलदाऊ कोरी, बंसी कोरी, चमरू कोरी, दिलीप विनोदिया सहित समाज के प्रबुद्ध जन रहे। अध्यक्षता मोहनलाल कोरी ने की। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राम मनोहर कोरी ने कहा कि वर्तमान में समाज की बागडोर नवयुवकों के कंधों पर दी गई है। इसका रिजल्ट शत प्रतिशत सही आएगा। रवि कोरी पूर्व सहसचिव ने कहा कि आने वाले कल प्रगति प्रदान करेगा। शैलेंद्र कोरी पूर्व सचिव ने कहा कि समाज गंगा की मनोदशा को भांपते हुए हमने कई कार्य किए हैं। राधेश्याम कोरी पूर्व कउपा ने कहा कि नव पदस्थ पदाधिकारी इस नीव को आगे बढ़ाते हुए अपना कार्य करेंगे। कार्यक्रम को दिनेश कोरी पूर्व सह कोषाध्यक्ष, दिलीप कोरी पार्षद, राजकुमार उरैहा, मुख्य चुनाव अधिकारी लक्ष्मीकांत कोरी, वर्तमान विजयी अध्यक्ष भगवत प्रसाद कोरी ने भी संबोधित किया। चुनाव में अध्यक्ष भागवत प्रसाद कोरी, सचिव राजकुमार कोरी (निर्विरोध), कोषाध्यक्ष संतोष कोरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कोरी (निर्विरोध), कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कोरी, सहसचिव पवन कोरी (निर्विरोध), सह कोषाध्यक्ष रामनिवास कोरी हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन केशव कोरी एवं आशा कोरी द्वारा किया गया।



चुनाव के दौरान वोट डालने के लिए कतार में खड़े समाज के लोग।

## बोदरी नगर में पीने के पानी के लिए हाहाकार



**बोदरी।** नगर पालिका बोदरी में जल संकट के कारण आधे से ज्यादा वार्डो में हाहाकार मचा हुआ है। 28 मार्च को वार्ड क्रमांक 5, 6, 7, 11, 12 से युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू, पार्षद रोहित साहू के साथ सैकड़ों महिला पुरुष नगर पालिका पहुंचे जहां अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा उपस्थित नहीं थीं। अधिकारियों से पूछने से पता चला कि 19 मार्च शपथ ग्रहण के बाद से अध्यक्ष दुबारा कभी दफ्तर नहीं आई है। उनकी उदासीनता की वजह से ही नगर में पानी का संकट आया है। उपाध्यक्ष शिमला सुनील वर्मा सीएमओ भारती साहू इंजीनियर उपाध्याय ने पानी की समस्या का जल्द निवारण करने का आश्वासन दिया। जहां-जहां पर भी ट्यूबवेल में पानी नहीं आ रहा वहां एक दो पाइप और नीचे डालकर सभी के घर पानी पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। जहां वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया है वहां सुबह और शाम टैंकर से पानी भेजने का निर्देश दिया गया है।

### कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. कमल देंगे निःशुल्क सेवा

**लोरमी।** बिलासपुर सिम्स में पदस्थ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. कमल सिंह राजपूत 4 मई से प्रति रविवार कंचन क्लीनिक (डॉ.डीडी सिंह) में सुबह 9 से 12 बजे तक निःशुल्क ओपीडी सेवाएं देंगे। स्तन में गांठ, मुंह में अल्सर, गले में गांठ, मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन, वजन में अनापेक्षित बदलाव, लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ, थकान, निगलने में कठिनाई, स्वर बैठना या आवाज में बदलाव, रक्तस्राव या चोट न भरना, खाने के बाद लगातार अपच या बेचैनी, रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होने से संबंधित मरीज निःशुल्क ओपीडी सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

## सूने मकान से 15 हजार नकद की चोरी

**तखतपुर।** सूने मकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लगभग 15 हजार रूपए नगद चोरी कर चोर लेकर चले गए। सीसीटीवी कैमरे में सायरन बजने की आवाज से चोर भाग खड़े हुए। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढनढन निवासी विमल कौशिक ने ग्राम खपरी में भी मकान बनाया है, जहां वे अपने आफिस कार्य करते हैं। 25 अप्रैल को रात्रि 9 बजे वे ग्राम खपरी वाले मकान में ताला बंदकर ग्राम ढनढन चला गए थे। 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे ग्राम खपरी के मकान आया तो देखा कि मकान के लगा ताला टूटा हुआ था प्रार्थी ने अंदर जाकर घर में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा, जिसमें दिनांक 26 अप्रैल की रात्रि 2 बजे एक अज्ञात व्यक्ति दरवाजा में लगा ताला को तोडकर अंदर प्रवेश कर गल्ला में रखे 15 हजार रूपये को चोरी कर ले जा रहा है। घर में लगे कैमरा (सिक्यूरिटी कैमरा) के सामने किसी व्यक्ति के आने पर सायरन बजने लगता है। जिसकी आवाज सुनकर अज्ञात चोर भाग गया। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 305 a 331,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### ठेकेदार से मारपीट, गाली गलौज, जुर्म दर्ज

दूपहिया वाहन ओव्हरटेक कर ठेकेदार को गाली गलौज कर मारपीट करने वाले ग्रामीणों के विरूद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। ग्राम करनकापा निवासी ठेकेदार प्रवीण कुमार साहू 27 अप्रैल को बाइक क्रमांक सीजी 10 के बी 1417 से अपने भाई हरप्रसाद साहू के साथ कोटा पटैता से अपने गांव करनकापा आ रहा था। बाइक को भाई हरप्रसाद चला रहा था। वे बेलपान पुल के पास पहुंचे थे उसी समय स्कूटी सवार 2 लोग रूके व ओवरटेक करने की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। पुलिस ने धारा 115,2 3,5, 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## पसान क्षेत्र के दो गांवों में चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल पार

**कोरबा।** जिले के पसान थाना क्षेत्र में चोरों ने अलग अलग दो गांव में धावा बोलकर चोरी की दो वारदात को अंजाम दिया है। मकान मालिकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोडगार मुहल्ला चारपारा निवासी जमुना प्रसाद कुर्रे उम्र 36 वर्ष पिता धनसाय कुर्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 अप्रैल की रात्रि लगभग 10 से 11 बजे के वह खाना खाकर अपने घर के छत पर सपरिवार सो रहा था तथा मुख्यद्वार में ताला लगा हुआ था। जब 28 अप्रैल की सुबह 6 बजे उठकर देखा तो घर के मुख्यद्वार का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर से अलमारी से नगदी 70 हजार, सोने का मंगलसूत्र आधा तोला, पायल और चांदी की बिछिया कुल लगभग 90 हजार रुपए के माल अज्ञात चोरों के द्वारा पार कर दिया गया है। जमुना प्रसाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना भी पसान थाना क्षेत्र में घटित हुई है। पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरीया खालापारा निवासी बूधराम अगरिया उम्र 60 वर्ष पिता स्व मंगलसाय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके परिवार के लोग दिपावली समय से पुराने घर कोटमर्रा में रहते हैं और बुधराम अपने ससुराल पिपरीया के घर पर अकेले रहता है और किसान लोगों के नागर हल के लोहा का काम करता है तथा रकम कमाकर अपने गांव कोटमर्रा जाता है। 21 अप्रैल की सुबह 9 बजे घर में ताला बंद कर के अपने गांव जाने के लिए पिपरीया ससुराल घर से निकला था। जब 26 अप्रैल की सुबह लगभग 8 बजे पिपरीया के घर पहुंचा तो देखा कि उसके घर का मुख्यः दरवाजा का ताला टूटा हुआ है।

## निधन

### परस जगत

**जरहागांव।** पचोटिया निवासी नवनिर्वाचित सरपंच मीना जगत के पति परस जगत का 36 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पम्मी जगत, मंजू जगत, मासूम जगत के पिता थे।



### राजेंद्र यादव

**सकरी।** तोरवा बिलासपुर निवासी राजेंद्र यादव का 28 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अप्रैल को तोरवा बिलासपुर के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अधिवक्ता देवेन्द्र यादव के बड़े भाई एवं विजय, अजय, संजय, विक्की यादव के पिता थे।



28- APRIL- BSP-PG-6_Layout 1 4/29/2025 12:26 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### गांजा व अवैध शराब बेचते दो महिला सहित 3 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सीपत पुलिस ने क्षेत्र में दबिश देकर गांजा व अवैध शराब बेचने वाले दो महिला सहित 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपति ने स्टाप के साथ इलाके में पतासाजी कर गांजा बेचने वाली मटियारी निवासी लक्ष्मी बाई मालिया पति ईश्वरी लाल 36 साल को पकड़कर उसके पास से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी तरह बिटकुली निवासी आनंद कुंवर सारथी पति सव. रमेश सारथी 35 साल से 110 लीटर व अजय सारथी पिता उमेंद राम 32 साल से 120 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### डायवर्ट होकर चलेंगी एसईसीआर की 10 ट्रेनें

**बिलासपुर।** संबलपुर रेल मंडल के संबलपुर रेलवे स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 10 ट्रेनों का परिचालन 30 जून तक डायवर्ट रूट से किया जा रहा है। यह सारी ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से रवाना की जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल में रिमाडलिंग का कार्य होगा। संबलपुर और संबलपुर शहर की दूरी लगभग 6 किलोमीटर की है। इस कार्य के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 10 ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाने का आर्डर जारी किया गया है। इसमें 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31 मई एवं 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, 1, 5, 8, 12, 15, 19, 22, 26, 29 मई, 2, 5, 9, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जून को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, 1, 8, 15, 22, 29 मई, 5, 12, 19 एवं 26 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस जाने वाली सहित अन्य ट्रेनें शामिल है।

**इस साल 49 कोर्स ही रजिस्टर्ड कराए गए, निजी एजेंसियां भी रुचि नहीं ले रहीं**

**चार साल में दो करोड़ ट्रेनिंग पर खर्च, रोजगार एक चौथाई को भी नहीं मिला**

# ठप रही कौशल विकास की योजना, 750 कोर्स का दावा, 10 ट्रेड से भी कम चल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर के साथ ही प्रदेश में कौशल विकास की योजना ठप पड़ती दिख रही है। बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने वाली योजना के लिए प्रशिक्षक ही नहीं मिल रहे हैं। दूसरी ओर वेबसाइट पर साढ़े सात सौ के करीब कोर्स दिखाई जरूर पड़ते हैं लेकिन इसमें से 49 ही रजिस्टर्ड हैं।

इसमें भी बिलासपुर-रायपुर और दूसरी जगहों पर 10 से कम कोर्स में ही ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही पिछले चार साल के आंकड़ों पर गौर करें तो बिलासपुर संभाग में जनवरी 2020 से 2024 तक ट्रेनिंग पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च किए गए, लेकिन रोजगार व स्वरोजगार 20 प्रतिशत से कम को ही मिला। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को अलग-अलग ट्रेड के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद उनके चुने गए ट्रेड पर रोजगार व स्वरोजगार दिलाया जाता है, लेकिन आंकड़ों पर नजर डाला जाए तो बिलासपुर संभाग के बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले में कुल 20 हजार के करीब युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंगर्तगत हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसी तरह सरगुजा संभाग में कोरिया, जशपुर, बलरामपुर, सरगुजा और सूरजपुर जिले में कुल 68 हजार 919 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन अब तक इनमें से आधे को भी रोजगार व स्वरोजगार नहीं मिला है।

### चार सालों में 98 लाख खर्च

जनवरी 2020 से 2024 तक बिलासपुर संभाग में कौशल विकास योजना के तहत बिलासपुर में 130 युवाओं को प्रशिक्षण दिया, जिसमें से सिर्फ 21 को रोजगार दिया गया। इसमें खर्च नहीं दर्शाया गया है। वहीं जांजगीर-चांपा में 754 को प्रशिक्षण जिसमें से सिर्फ 167 को रोजगार, 36 को स्वरोजगार दिया गया। इसमें 29 लाख 73 हजार 836 रुपए खर्च हुए हैं। कोरबा में 369 को प्रशिक्षण दिया, जिसमें से सिर्फ 208 को रोजगार दिया गया, इसमें 41 लाख 52 हजार 846 रुपए खर्च हुआ। रायगढ़ में 91 को प्रशिक्षण, जिसमें से सिर्फ 30 को रोजगार, 9 को स्वरोजगार दिया गया। इसमें 5 लाख 80 हजार 620 रुपए खर्च हुए। मुंगेली में 40 को प्रशिक्षण दिया, जिसमें से सिर्फ 22 को रोजगार दिया गया है और इसमें 15 लाख 13 हजार 532 रुपए खर्च हुए हैं।


### लगातार गिर रहे आंकड़े

विभाग की ही मानें तो वर्ष 2016-17 में बिलासपुर जिले में 6 हजार 868, 2017-18 में 7 हजार 442 और 2018-19 में यह आंकड़े गिरते हुए 2 हजार 917 पर आ गया। कुल 17 हजार 261 युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह जांजगीर-चांपा में वर्ष 2016-17 में 4 हजार 663, 2017-18 में 7 हजार 144, 2018-19 में 3 हजार 865 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मुंगेली में वर्ष 2016-17 में 2 हजार 563, 2017-18 में 4 हजार 144, 2018-19 में 2 हजार 335 यानी कुल 9 हजार 12 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। रायगढ़ में वर्ष 2016-17 में 5 हजार 301, 2017-18 में 5 हजार 563, 2018-19 में 2 हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

### पसंद के कोर्स की ट्रेनिंग नहीं

हालांकि इसमें सबसे बड़ा कारण प्रशिक्षण देने के लिए एजेंसियां को आगे नहीं आना भी है। जिसके कारण विद्यार्थियों को पसंद के कोर्स की ट्रेनिंग नहीं मिल रही। जिले में ही कौशल विकास के तहत 49 के करीब कोर्स पंजीकृत हैं लेकिन ट्रेनिंग 10 से भी कम कोर्स में मिल रही है। दूसरी ओर विभिन्न प्रशिक्षण के लिए विभाग भी उपकरण जुटा नहीं पा रहा है क्योंकि इसकी लागत अधिक होती है। इसलिए निवेश नहीं हो पा रहा है और निजी एजेंसियों पर निर्भरता अधिक है। ध्यान रहे कि प्रशिक्षण एजेंसी एक दिन में 2 बैच ही चला सकती है। इसमें एक बैच में 30 स्टूडेंट ही हो सकते हैं। इसमें अधिकतम 4 महीने का कोर्स होता है। विभिन्न कोर्स के आधार पर औसत 40 से 50 रुपए प्रति घंटे की दर से संस्था को भुगतान किया जाता है।

# कार की छत पर बैठकर सिगरेट पीते स्टंट करने वाले 3 युवक गिरफ्तार



कार में स्टंट करते युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने कार की छत पर बैठकर सिगरेट पीते हुए स्टंट करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। युवकों पर 5 हजार 300 रुपए जुर्माना किया गया है।

दो दिन पहले शहर के बीच अग्रसेन चौक से सत्यम चौक तक कार नम्बर सीजी 10 बीक्यू 0007 की छत पर एक युवक बैठकर सिगरेट पी रहा था और एक युवक सनरूफ पर खड़े होकर स्टंट कर हंगामा मचा रहा था। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो को गंभीरता से लेते हुए गाड़ी नम्बर के आधार पर ट्रैफिक एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने तिफरा यदुनंदननगर निवासी प्रियांशु सिंह, पृथ्वीराज सिंगरौल, आर्यन कश्यप को पकड़कर कार्रवाई के लिए सिविल लाइन पुलिस को सौंप दिया। सिविल लाइन थाना ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 5300 रुपए जुर्माना वसूली प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।



स्टंट करने वाले आरोपी युवक।

### पहले भी स्टंट करते पकड़े गए थे

पूर्व में इमलीपारा रोड पर एक युवक नशे में चलती बाइक में एक युवती सामने खोद में बैठाकर स्टंट कर रह रह था। वीडियो वायरल होने से सनसनी फैल गई थी। इसी तरह लिंक रोड में युवक कार की छत पर बैठकर स्टंट कर हंगामा मचा रहे थे। इसी तरह कोटा रोड पर युवक गाड़ी की चारों खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट करते हंगामा रहे थे। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा गाड़ी नम्बर के आधार पर स्टंट करने वाले युवकों को पकड़कर मोटर व्हीकल एक्ट के जुर्माना किया था।

### रिवर व्यू में बना अड्डा

रिवरव्यू युवकों के लिए स्टंट का अड्डा बन गया है। शाम ढलते ही यहां युवक युवतियों का जमावड़ा लगता है। युवा युवतियों को दिखाने जान जोखिम में डालकर तेज रफ्तार बाइक व कार में स्टंट कर हंगामा मचाते नजर आते हैं। पूर्व में पुलिस ने स्टंट करते बाइक सवार को पकड़ाकर कार्रवाई की गई थी। पिछले दिनों कुछ युवकों ने वकील को यहां धमकी दी थी, जिस पर कार्रवाई की गई है।

**सदर बाजार हिम्मतलाल ज्वेलर्स का मामला**

# महिलाओं ने सराफा व्यापारी को लगाया 2 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो महिलाओं ने सराफा व्यापारी को कम शुद्धता का सोना बेचा और अधिक शुद्ध सोना खरीदकर चली गईं। इससे सराफा व्यापारी को 2 लाख रुपए चूना लग गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार महिलाओं की पतासाजी कर रही है।

- **कम शुद्धता का सोना थमाकर अधिक शुद्धता का सोना ले गईं**

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, सदर बाजार स्थित हिम्मतलाल ज्वेलर्स में सोमवार की दोपहर 1.30 बजे दो महिलाएं खरीददारी करने आईं। दोनों महिलाओं ने दुकान संचालक को सोने का टाप्स व चैन बेचा और उसके बदले में उसी वजन का सोने का ब्रेस्लेट, चेन लेकर चली गईं। कुछ देर बाद दुकान संचालक ने महिलाओं के द्वारा दिए गए जेवर की जांच की तो शुद्धता कम निकली, जिससे व्यापारी के पैरो तले जमीन खिसक गई। उसने दुकान से बाहर निकलकर आसपास दोनों महिलाओं की तलाश की। किन्तु महिलाएं पूरे सराफा मार्केट में नहीं मिलीं। दुकान संचालक के नाती ने कोतवाली थाना जाकर घटना की जानकारी दी। उसके बाद पुलिसकर्मियों ने उनकी दुकान पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो दोनों महिलाएं खरीददारी करते नजर आ रही हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश कर रही है। बहरहाल देर रात तक पुलिस महिलाओं को खोज नहीं पाई थी। टीआई श्री पाण्डेय ने बताया, महिलाओं ने व्यापारी को करीब 2 लाख रुपए का चूना लगा दिया है। देर रात तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी।



सीसी टीवी कैमरे में कैद आरोपी।

**चोरी की रकम से की अय्याशी**

# गर्लफ्रेंड के लिए मोबाइल खरीदने प्रीमियम शॉप में चोरी, 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रीमियम शॉप की टीन की छत उखाड़कर गल्ले से नकद रकम चोरी करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। एक युवक ने गर्लफ्रेंड के लिए मोबाइल खरीदने योजना बनाकर साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

22 अप्रैल को सीएमडी चौक के पास स्थित अंग्रेजी प्रीमियम शॉप के टीन का छत व फाल सिलिंग तोड़कर गल्ले से 97 हजार 800 रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने अर्जुन बंजारे की रिपोर्ट पर चोरों के पतासाजी में जुट गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुराना बस स्टैण्ड में घेराबंदी कर संजू बेरिया पिता धनेश्वर बेरिया 20 साल बापूनगर, धरपोंगा चतुरबेदानी पिता मुनीम 20 साल लालबहादूर स्कूल के पास, अजित कुमार राजवाड़े उर्फ गोलू पिता गणेश प्रसाद राजवाड़े 27 साल पुराना बस स्टैण्ड निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर तीनों ने अंग्रेजी प्रीमियम शॉप में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। टीआई कृष्णचंद सिदार ने बताया, आरोपी संजू बेरिया अपनी गर्लफ्रेंड के लिए मोबाइल खरीदने के लिए लिए दोनों साथियों के साथ योजना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी करने के बाद तीनों पैसा आपस में बांट लिया था। चोरी के रकम से संजू ने नया मोबाइल लिया था और दोनों युवकों ने अय्यासी में रकम खर्च कर दिया है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पीएम आवास सर्वे का कल अंतिम दिन

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मोर द्वार साय सरकार अभियान चलाकर किए जा रहे आवास सर्वे कार्य में बिलासपुर जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहा। अब तक 1 लाख 52 हजार 624 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है, जो कि सभी 33 जिलों में टॉप पर है। सर्वे अभियान 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। गौरतलब है कि विशेष सर्वेक्षण पखवाडा अंतर्गत राज्य भर में मोर द्वुवार साय सरकार महाभियान के तहत घर-घर जाकर आवास के लिए छुटे हुए पात्र परिवारों का सर्वे कार्य जारी है।




# नामांतरण के नए नियम के लिए बंद रही रजिस्ट्री, 20 करोड़ का कारोबार प्रभावित

**बिलासपुर।** जिले का पंजीयन आफिस सोमवार को पूरी तरह बंद रहा। दरअसल 3 मई से प्रदेश में ऑटोमेटिक नामांतरण सिस्टम लागू होने वाला है। इसके लिए रायपुर में प्रदेश भर के पंजीयक आफिस के अधिकारियों की मीटिंग थी। इस बैठक में बिलासपुर के पंजीयक के साथ ही तीनों उप पंजीयक भी शामिल हुए। बैठक के साथ ही इस बारे में ट्रेनिंग भी दिए जाने की जानकारी मिली है। ध्यान रहे कि सिर्फ बिलासपुर तहसील की बात करें तो एक दिन में 65-70 रजिस्ट्री होती है। पूरे जिले के चारों तहसील में करीब 200 रजिस्ट्री होती है और रोजाना 20 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होता है जो कि सोमवार को नहीं हो सका।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने पिछले दिनों राजस्व विभाग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत नामांतरण की प्रक्रिया का ऑटोमेटिक करने का निर्णय लिया है। नए नियम के मुताबिक किसी भी जमीन या सम्पत्ति



की रजिस्ट्री होते ही क्रेता के नाम पर ऑटोमेटिक नामांतरण हो जाएगा। सारी प्रक्रिया पंजीयन आफिस से ही पूरी होगी। इसके लिए रजिस्ट्री विभाग में जिला और उप पंजीयकों के रजिस्ट्री के दौरान नए सिस्टम से काम करने होंगे। इसके लिए शासन ने इस विभाग के सभी अधिकारियों को ट्रेनिंग देने का फैसला लिया है। इसके परिप्रेक्ष्य में सोमवार यानी 28 अप्रैल को प्रदेश भर के पंजीयक और उप पंजीयकों को रायपुर में इस बारे में जानकारी दी गई।

### एक हजार लोगों को हुई असुविधा

पंजीयन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिन लोगों को रजिस्ट्री के लिए सोमवार का अपॉइंटमेंट मिला था उन सभी लोगों को पंजीयन कार्यालय से मैसेज भेजा गया और सहयोग करने की अपील की गई। विभाग के मुताबिक 28 अप्रैल को होने वाली रजिस्ट्री अब 29 अप्रैल को होगी। इसी प्रकार आगामी दिनों के लिए जिनकों अपॉइंटमेंट मिला है उनकी भी तारीखें तय कर दी गई हैं। रजिस्ट्री कार्य बंद रहने से जिले में करीब एक हजार और प्रदेशभर में 15 हजार से अधिक लोगों को असुविधा हुई। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही रजिस्ट्री के साथ-साथ नामांतरण करने का अधिकार रजिस्ट्रारों को दे दिया गया है। पहले यह प्रक्रिया तहसीलदार करते थे। इसमें बदलाव को लेकर रजिस्ट्रारों और पंजीयन कार्यालय के अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।







### पुरानी रंजिश पर चाकू से हमला, युवक गंभीर

**बिलासपुर।** कोतवाली क्षेत्र के जूना बिलासपुर में पुरानी रंजिश पर चाकू से हमले का मामला सामने आया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के जूना बिलासपुर केंवटपारा में रहने वाले प्रवीण केंवट शनिचरी बाजार में फिश सप्लाई की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात उनका चचेरा भाई पुनीत केंवट मोहल्ले में टहल रहा था। तभी वहां पर अविनाश उर्फ छोटू पटेल आया और पुरानी बातों को लेकर पुनीत से बहस कर हुए गाली-गलौज करने लगा। इसका विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू निकालकर सिर पर हमला कर दिया, इससे वह लहूलुहान हो गया। मारपीट होता देख प्रवीण ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद उसने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रवीण की रिपोर्ट पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

